दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 150 जयपुर, शुक्रवार, 10 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

शेयर मार्केट में लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट... 1062 अंक गिरा सेंसेक्स, निफ्टी 22,000 के नीचे

# शेयर बाजार में हाहाकार... एक झटके में डूबे 7 लाख करोड़

एजेंसी | मुंबई

सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को करीब 1.5% की भारी गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स जहां 1,000 अंक से अधिक गिर गया, वहीं निफ्टी 22,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे चला गया। यह लगातार पांचवा दिन है, जब सेंसेक्स लाल निशान में बंद हुआ।

देश में हो रहे लोकसभा चुनाव, चौथी तिमाही के कमजोर नतीजे और क्रूड ऑयल के दाम में बढ़ोतरी सहित ऐसे कई कारण रहे, जिसके चलते बाजार में बिकवाली तेज हो गई।

वायदा कारोबार की वीकली एक्सपायरी के दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 1.5% प्रतिशत तक टूट गए। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 1,062.22 (1.44%) अंकों की गिरावट के साथ 72,404.17 अंकों के स्तर पर जबकि निफ्टी 345.00 (1.55%) अंक टूटकर 21,957.50 के स्तर पर बंद हुआ। इससे शेयर बाजार में हाहाकार मच गया और निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए।




### छह शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट


एलएंडटी के शेयर करीब 6 फीसदी गिरकर 3275 रुपए पर पहुंच गए। इसके अलावा पावर फाइनेंस में 5 फीसदी, BPCL Stock में करीब 5 फीसदी, पिरामल एंटरप्राइजेज करीब 9 फीसदी, NHPC 5.26 प्रतिशत और मणप्पुरम फाइनेंस के शेयर में 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### हेवीवेट शेयरों में बड़ी गिरावट

सेंसेक्स में बड़ी गिरावट की वजह हैवीवेट स्टॉक में गिरावट भी माना जा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और L&T ने मार्केट गिराने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके अलावा HDFC Bank, ITC के शेयरों में बड़ी सेलिंग देखी गई है। बैंक निफ्टी 500 अंक से ज्यादा और निफ्टी एफएमसीजी में 1300 अंक गिरा है।

## जरूरी खबर

### एयर इंडिया की हड़ताल खत्म, कर्मचारी होंगे बहाल




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू मेंबर्स ने गुरुवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन द्वारा 25 क्रू मेंबर्स का टर्मिनेशन कैंसल करने के बाद हड़ताल पर गए सभी केबिन क्रू सदस्य काम पर लौटने के लिए तैयार हो गए। श्रम आयुक्त कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि एयरलाइन का प्रबंधन उन 25 चालक दल के सदस्यों को बहाल करने पर भी सहमत हो गया है जिन्हें विरोध प्रदर्शन के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारी मंगलवार को छुट्टी पर चले गए थे, जिसके कारण 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

### केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के आज खुलेंगे कपाट



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह शुभ लग्न पर सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने के मौके पर मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। उधर, उत्तराखंड की प्रसिद्ध चार धाम यात्रा भी आरंभ हो जाएगी। चार धाम यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था ऋषिकेश से रवाना होगा। केदारनाथ के साथ ही गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। वहीं 12 मई को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले गुरुवार देर शाम तक 16 हजार से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे। इसके साथ ही पंचमुखी डोली सेना के बैंड की भक्तिमय जय घोष के साथ केदारनाथ धाम पहुंच गई है। केदारनाथ मंदिर को लगभग 40 क्विंटल फूलों से सजाया गया है।

अब अगस्त में होगी 'सुप्रीम' सुनवाई

# राजस्थान समेत चार राज्यों के अरावली क्षेत्र में नए खनन पर रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

अरावली की पहाड़ियों में खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगले आदेश तक चार राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात को अरावली क्षेत्र में किसी नए खनन गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अरावली के पहाड़ी क्षेत्र में खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत के अगले आदेश के बिना चार राज्यों में किसी को भी खनन की अंतिम अनुमति देने का अधिकार नहीं होगा। गुरुवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अरावली की रक्षा जरूरी है। अदालत ने साफ किया कि पहले से ही वैध परिमिट और लाइसेंस के आधार पर जारी खनन गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई जा रही है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अभय ओका की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश वैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के रूप में नहीं देखा जाएगा।

**अगस्त में होगी अगली सुनवाईः** पीठ ने कहा कि खनन पर पूर्ण प्रतिबंध पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल नहीं है। इससे अवैध खनन को बढ़ावा मिलेगा। अदालत ने कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई अगस्त महीने में होगी।

■ पहले से ही वैध परमिट और लाइसेंस के आधार पर जारी खनन पर रोक नहीं



### आवेदनों पर विचार और नवीनीकरण की प्रक्रिया पर अदालत की टिप्पणी

दो जजों की खंडपीठ ने कहा, अदालत यह आदेश उन चार राज्यों के संबंध में जारी कर रही है जिनसे अरावली की पहाड़ियां गुजरती हैं। इससे स्पष्ट है कि आदेश केवल अरावली पहाड़ियों और इसकी श्रृंखलाओं में खनन तक ही सीमित है। अदालत ने कहा कि अगले आदेश तक सभी राज्य खनन पट्टों के आवेदनों पर विचार और नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्वतंत्र होंगे। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट में अरावली पहाड़ियों में खनन पर रोक को लेकर जो बातें कही गई हैं, इस आधार पर कोई अंतिम अनुमति नहीं दी जाएगी।

### राज्यों की सामूहिक जवाबदेही

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने शीर्ष अदालत में एक रिपोर्ट पेश की। राजस्थान में की गई विभिन्न अवैध खनन गतिविधियों का जिक्र करते हुए इस रिपोर्ट में अवैध खनन का जिलेवार विवरण भी दिया गया है। रिपोर्ट देखने के बाद अदालत ने कहा कि अरावली पहाड़ियों में खनन गतिविधियों का मुद्दा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ-साथ दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात को संयुक्त रूप से संबोधित करने की जरूरत है। पीठ ने अरावली पहाड़ियों के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया। खंडपीठ ने कहा कि समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

डॉ. धनंजय अग्रवाल को बनाया कार्यवाहक कुलपति

# RUHC-VC पद से डॉ. भंडारी का इस्तीफा

बेधड़क | जयपुर

ऑर्गन ट्रांसप्लांट केस में फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में भजनलाल सरकार द्वारा दिखाई गई सख्ती का असर सामने आने लगा है। फर्जी एनओसी देने के मामले में सवाई मान सिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा के इस्तीफों के बाद गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस (आरयूएचएस), जयपुर के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राजभवन पहुंचकर अपना इस्तीफा राज्यपाल कलराज मिश्र को सौंपा। डॉ. भंडारी स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के चेयरमैन भी थे और उन्होंने इस पद से हटने से इनकार कर दिया था, लेकिन राज्य सरकार ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें पद से हटा दिया था। उधर, डॉ.भंडारी के इस्तीफे के बाद डॉ. धनंजय अग्रवाल को आरयूएचएस के कार्यवाहक कुलपति बना दिया गया है। राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने डॉ. धनंजय अग्रवाल को कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया है और इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।





श्रम विभाग से क्लेम पास करवाने के लिए मांगी रिश्वत

# ACB ने ई-मित्र संचालक को एक लाख की घूस लेते किया अरेस्ट

बेधड़क | जयपुर

श्रम विभाग से क्लेम पास करने की एवज में एसीबी ने गुरुवार को फागी की लसाडिया ग्राम पंचायत के ई-मित्र संचालक को एक लाख की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर परिवादी को श्रम विभाग से क्लेम पास कराने के लिए एक लाख रुपए की घूस मांगकर परेशान कर रहा था। एसीबी के अधिकारी आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं। खास बात है कि आरोपी विश्राम गुर्जर को ट्रेप कराने के लिए परिवादी के पास इतनी राशि नहीं थी। ऐसे में एसीबी ने आरोपी को ट्रेप करने के लिए परिवादी को 70 हजार रुपए की डमी करेंसी उपलब्ध कराई, जबकि दूदू के तत्कालीन कलेक्टर हनुमान मल ढाका द्वारा 25 लाख रुपए की घूस मांगने के मामले में एसीबी ने परिवादी को डमी करेंसी उपलब्ध कराई। अगर परिवादी को एसीबी डमी करेंसी उपलब्ध करा देती तो एसीबी की ट्रेप की कार्रवाई की सूचना लीक नहीं होती और कलेक्टर को केस दर्ज करने से तीन दिन पहले ही एसीबी ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दे सकती थी।



### श्रमिक डायरी से पास होता है क्लेम

एसीबी में पिछले दिनों एक परिवादी ने शिकायत की थी। आरोप था कि उसके पिता की मृत्यु होने पर श्रमिक डायरी के आधार पर श्रम विभाग से क्लेम पास करवाना था। आरोपी विश्राम गुर्जर उसे परेशान कर रहा है। एसीबी के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपर विजन में एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत के नेतृत्व में एक टीम बनाई और परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया गया। शिकायत का सत्यापन होने पर ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। परिवादी ने विश्राम गुर्जर को एक लाख रुपए दिए। इसमें 30 हजार असली व 70 हजार डमी करेंसी थी।

### कलेक्टर केस में नहीं दी थी डमी करेंसी

एसीबी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की माने तो सत्यापन के दौरान आरोपी हनुमान मल ढाका ने परिवादी 25 लाख की घूस मांगी थी। बाद में घूस का सौदा 15 लाख में हुआ था। परिवादी ने जब इतनी राशि नहीं होने की बात कही तो ढाका ने कहा दो किश्तों में दे देना। साढ़े सात-साढ़े सात लाख रुपए मिठाई के डिब्बे में आवास पर लेकर आना, लेकिन परिवादी के पास घूस की राशि की व्यवस्था नहीं हुई तो एसीबी ने डमी करेंसी से ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया और तीन दिन तक इंतजार करते रहे, जबकि इससे पहले एसीबी ने रिश्वत की बड़ी डिमांड पूरी करने के लिए 1 करोड़ तक के डमी नोट मंगवाए थे।

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s2(f) of the UGC Act 1956

ADMISSIONS OPEN NOW 2024-25

- HOSPITALITY, TOURISM AND TRAVEL MANAGEMENT
- COMMERCE AND MANAGEMENT
- LEGAL STUDIES
- NURSING SCIENCES
- ALLIED HEALTH SCIENCES
- COMPUTER APPLICATIONS
- DENTAL SCIENCES
- AGRICULTURE
- PARAMEDICAL SCIENCES
- ENGINEERING AND TECHNOLOGY
- ARTS, HUMMANITIES & SOCIAL SCIENCES
- BASIC AND APPLIED SCIENCES
- PHARMACEUTICAL SCIENCES
- YOGA AND PHYSICAL EDUCATION

More Information
+91 9289800300

SALIENT FEATURES
- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning Methodologies
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET also.

25+ STATES | 20000+ STUDENTS' NETWORK
25 Yrs' OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

CONTACT US :
MAIN CAMPUS : Nirwan University jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info @nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## ॥ जरूरी खबर ॥

### बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री सांचौर में



**सांचौर।** सांचौर नगर के हवाई पट्टी मैदान में 10 मई से 14 मई तक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज हनुमंत कथा, दिव्य दरबार, एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शामिल होंगे। कार्यक्रम में शुक्रवार अक्षय तृतीया को सुबह 7 बजे नगर में कलश यात्रा का आयोजन होगा। श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा की पावन प्रेरणा से एवं श्री बालाजी धाम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा महोत्सव के तहत अक्षय तृतीया को भव्य कलश यात्रा का आयोजन होने जा रहा है।

### जेएलओ भर्ती का नया शुद्धि-पत्र किया जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ विधि अधिकारी भर्ती-2023 के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 01/2024-25 द्वारा संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि इस 140 पदों पर भर्ती के लिए 5 जुलाई को विज्ञापन जारी किया गया था। इसके अंतर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र के लिए 134 पद एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिए 6 पद विज्ञापित किए गए थे। कनिष्ठ विधि अधिकारी के वर्ष 2018-19 की भर्ती में रिक्त रहे भूतपूर्व सैनिकों के 14 बैकलॉग के पदों को इस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित किए जाने पर गैर अनुसूचित क्षेत्र के कुल 134 एवं अनुसूचित क्षेत्र के कुल 6 पदों के संशोधित वर्गीकरण जारी किया है।

### बीकानेर निवासी मोहम्मद बंधु पद्मश्री से नवाजे



**बेधड़क.जयपुर।** नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को आयोजित भव्य पद्मश्री सम्मान समारोह में राजस्थान के बीकानेर निवासी मांड लोक गायक बंधुओं की जोड़ी अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया। मोहम्मद बंधुओं द्वारा इस मांड़ कला का प्रदर्शन दुनिया भर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ फिल्म उद्योग में भी काफी सजीविता के साथ किया है। मांड गायकी में मोहम्मद बंधुओं के लिए पद्मश्री सम्मान इस लोक कला को दुनिया भर में विशेष स्थान दिलाने के साथ-साथ राजस्थान के लिए भी गौरव की बात है। बीकानेर के छोटे से गांव तेजरासर में जन्में मोहम्मद बंधुओं ने मांड गायकी की प्रसिद्धि दिलाई।

---

## सेम पित्रोदा की ओर से की गई नस्लभेद टिप्पणी पर प्रेसवार्ता कर साधा निशाना

# धर्म के बाद अब कांग्रेस नस्लभेद राजनीति पर उतरी: तिवाड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा नॉर्थ ईस्ट और दक्षिण भारतीयों पर दिए गए नस्लभेदी बयान की कड़ी निंदा की।

तिवाड़ी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के मूल में यही अंतर है कि भाजपा भारत को एक राष्ट्र मानती है जबकि कांग्रेस भारत को अलग-अलग राष्ट्रों का समूह मानती है। प्रेसवार्ता के दौरान तिवाड़ी कांग्रेस की नीतियों पर जमकर बरसे। इस दौरान भाजपा मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक उपस्थित थे।




### नस्लभेद राजनीति पर कांग्रेस उतरी

तिवाड़ी ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस देश में धर्म, जाति और क्षेत्र की राजनीति करती आ रही है, उसी तरह अब नस्लभेदी राजनीति भी करने लगी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के थिंक टैंक सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति से मेल खाता है। पित्रोदा ने आसाम और पूर्वोत्तर के लोगों को चीनी लोगों जैसा दिखने वाला बताया और दक्षिण भारत के लोगों को दक्षिण अफ्रीकी नस्ल वाला बताया। पित्रोदा का यह बयान नस्लवादी दृष्टिकोण के साथ भारत को बांटने वाला है।

### भारत की संस्कृति कांग्रेस को पसंद नहीं

तिवाड़ी ने कहा कि "हिमालयात् समारभ्य यावत् इन्दु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिन्दुस्थान प्रचक्षते" अर्थात हिमालय के 'हि' शब्द से तथा इन्दुसागर के 'न्दु' शब्द को मिलाकर हिन्दुस्तान नाम रखा गया है। हिमालय से शुरू होकर कन्याकुमारी तक जो भू-भाग है वह पूरा हिन्दुस्तान है। भारत की ये संस्कृति कांग्रेस को पसंद नहीं आती। ये भारत को दक्षिण, तमिल, उत्तर के आधार पर बांटना चाहते है।

### विभूतियों का किया अपमान

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान जिसमें उन्होंने असम के लोगों को चीनी नस्ल का बताया था, यह बयान आसाम के लाचित बरफूकन जैसे वीर सेनापति का अपमान है वहीं दक्षिण भारत के लोगों को दक्षिण अफ्रीकी नस्ल का बताना चोल राजाओं का अपमान है। पित्रोदा का बयान भारत के वेदों, शंकराचार्यों और संस्कृति का अपमान है। कांग्रेस भारत को तोड़ने में लग रही है। कांग्रेस पार्टी भारत के राष्ट्र के एकाग्रता के साथ विश्वासघात कर रही है।

### भारतीयों के प्रति जो मानसिकता अंग्रेजों की वही कांग्रेस की: जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस के सैम पित्रोदा के बयानों को देश को तोड़ने वाला बताते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना की है। सीपी जोशी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस भारतीयों को जाति, धर्म और रंग के आधार पर बांटने में लगी है। भारतीयों के प्रति जो मानसिकता अंग्रेजों की थी, वहीं कांग्रेस की भी है। यह बयान भी अंग्रेजों द्वारा भारतीयों पर रंगभेद, नस्लभेद की मानसिकता के आधार पर किए गए अत्याचार को प्रदर्शित करता है।

---

## ACS से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# 250 टीमों ने 500 से अधिक अस्पतालों की टटोली नब्ज

■ प्रदेशभर में चिकित्सा विभाग का विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं मतबूती के लिए व्यापक निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की लगभग 250 टीमों ने प्रदेशभर में एक साथ करीब 500 चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया।

अभियान के तहत चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा गया। इन सभी बिन्दुओं के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लू व तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया गया।




### टीमों ने 27 जिलों के आशान्वित ब्लॉक का किया निरीक्षण

अभियान के तहत राज्य स्तरीय टीमों द्वारा 27 जिलों के आशान्वित ब्लॉक बांसवाड़ा के छोटा डूंगरा, बारां के किशनगंज, बाड़मेर के रामसर, भरतपुर के भुसावर, बीकानेर के कोलायत, बूंदी के कापरेन, चित्तौडगढ़ के निम्बाहेड़ा, चुरू के राजगढ़, दौसा के रामगढ-पचवारा, धौलपुर के बसेड़ी, डूंगरपुर के जोथारी एवं गंगारपुर सिटी में निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार हनुमान के संगरिया, जैसलमेर के फतेहगढ़, जालौर के आहोर, झालावाड़ के खानपुर, जोधपुर ग्रामीण के शेरगढ़, करौली के मासलपुर, कोटपूतली के शाहजहांपुर, नागौर के जायल, पाली, प्रतापगढ़ के पीपलखूंट, राजसमंद के भीम, शाहपुरा के कोटड़ी, सिराही के आबूरोड़, टोंक के पीपलू एवं उदयपुर के खेरवाड़ा में निरीक्षण किया गया। शेष जिलों में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर पर गठित टीमों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट राज्य स्तर पर भिजवाई जाएगी।

### जल्द शुरू होगा ब्लड बैंक

सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर एवं ड्यूटी रोस्टर रजिस्टर को भी चैक किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अस्पताल के ब्लड बैंक को एक माह में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक प्रकृति के कार्यों एवं सेवाओं के लिए आरएमआरएस फंड का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसकी नियमित बैठक भी आयोजित किए जाने पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लू-तापघात एवं गर्मी जनित बीमारियों बचाव एवं उपचार के लिए अस्पताल में की गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हीट स्ट्रोक से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए तैयार किए गये मॉडल वार्ड को देखा और गर्मी जनित बीमारियों के उपचार के लिए किए गए प्रबंधन की सराहना की।



### सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता पर रहेगा फोकस

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों को दूर कर सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यरत अधिकारी मॉनिटरिंग और सुपरविजन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चयनित 27 आशान्वित ब्लॉक में 39 सूचकांक निर्धारित किए गए हैं। इन 39 सूचकांकों में 7 सूचकांक स्वास्थ्य से संबंधित है। नियमित निरीक्षण और पर्यवेक्षण के माध्यम से इन सूचकांकों में और सुधार किया जा रहा है।



### मिशन निदेशक ने गोविन्दपुरा एवं जाहोता में किया निरीक्षण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुरा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाहोता का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने आई गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम श्री अरूण कुमार गर्ग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेनवाल मांजी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वाटिका का निरीक्षण किया।

### एसीएस ने चाकसू उप जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**चाकसू।** प्रदेश में हिट वेव का दौर जारी है। हीट वेव को लेकर चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे है। इसके तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव एसीएस शुभ्रा सिंह गुरूवार को चाकसू कस्बे में पहुंची। एसीएस शुभ्रा सिंह ने यहां कस्बे की राजकीय उपजिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सिंह ने यहां इमरजेंसी वार्ड, दवा काउंटर, प्रसूति वार्ड, लेबर रूम व अन्य भर्ती वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से संवाद कर चिकित्सीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शुभ्रा सिंह ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने की भी बात कही। उन्होंने अस्पताल में डायलिसिस मशीन की सेवाओं को शुरू करने के साथ शौचालय समेत विभिन्न स्थानों पर साफ - सफाई रखने के निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता है। पिछले महीनों में हमने प्रदेश में 8 हजार से भी अधिक निरीक्षण किए है। अब जरूरी यह है कि हम मातृ एवं शिशु चिकित्सा के जो कारक है उन पर ध्यान दें। पूरे प्रदेश में आज विभाग कि 250 टीमों द्वारा अस्पतालों का निरीक्षण किया जा रहा है। अस्पतालों के निरीक्षण से काफी सुधार भी हुआ है। सिंह ने उपस्थित चिकित्साकर्मियों को अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया करवाने और गर्मी के मौसम को देखते हुए अलर्ट रहने की बात कही। इस दौरान आरसीएच के निदेशक एसएस राणावत, राजकीय उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रितुराज मीणा भी मौजूद रहे।

---

## BJP प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा में कहा

# कांग्रेस ने तुष्टीकरण की सारी सीमाएं पार कर दी: मुख्यमंत्री



**बेधड़क** | वारंगल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश को लूटने एवं बांटने का काम किया है। कांग्रेस ने तुष्टीकरण की सारी सीमाएं पार कर दी हैं और उनके द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जी के किए गए अपमान को वारंगल की जनता भूली नहीं है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने नरसिम्हा राव को भारत रत्न से विभूषित किया है। शर्मा गुरूवार को तेलंगाना के वारंगल में बीजेपी प्रत्याशी अरूरी रमेश के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। यहां कारोबारियों और उद्यमियों को परेशान किया जा रहा है और भ्रष्टाचार का डबल आर टैक्स लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में एक तरफ देश को लूटने वाले हैं तो दूसरी तरफ मोदी जी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग अपने वोट की ताकत पहचानें और भाजपा प्रत्याशी अरूरी रमेश को भारी मतों से विजयी बनाएं।

## 484वीं जयंती समारोह में बोले वक्ता

# महाराणा प्रताप न होते तो हिंदुस्तान भी न होता

**चाकसू।** कस्बें में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राजपूत सभा और अन्य संगठनों के द्वारा भी महाराणा प्रताप जयंती पर माल्यार्पण, पूष्प वर्षा और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजपूत समाज के कार्यकर्ता अर्जुन सिंह एडवोकेट व देवी सिंह गोगावत ने बताया कि गुरुवार को महाराणा प्रताप पार्क में 484वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीराजपूत सभा जयपुर अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि यदि महाराणा प्रताप न होते तो हिंदुस्तान भी न होता। उन्होंने कभी भी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके और उल्टा अकबर की सेना उनके सामने युद्ध करने से कतराती थी। उनकी वीरता ने ही उन्हें वीर शिरोमणि बनाया। कस्बे के वार्ड 17 स्थित महाराणा प्रताप पार्क में आयोजित राजपूत समाज एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। साथ ही महाराणा प्रताप के मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव, शौर्य, पराक्रम, वीरता, स्वाभिमान और सतत संघर्ष के आदर्शों को आत्मसात कर प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर नमन किया। समारोह में कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।

---

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने साधा भाजपा पर निशाना

# अंग्रेजी स्कूलों को हिंदी मीडियम में कन्वर्ट करना सरकार का बेतुका फैसला

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजन लाल सरकार के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के रिव्यू करने के फैसले को लेकर अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों के साथ मिलकर बीजेपी सरकार इंग्लिश मीडियम स्कूल को बंद करने की तैयारी कर रही है। सरकार के फैसले को कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि बीजेपी के नेता अपने बच्चों को विदेश और अच्छे कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने भेजना चाहते हैं। लेकिन जब गरीब का बच्चा सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ अपना भविष्य बनाना चाहता है। तो यह लोग उसको कागला, कमेड़ी और बांदरा पढ़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस उन्हें ऐसा कभी नहीं करने देगी। डोटासरा ने कहा कि अगर सरकार प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार ही करना चाहती है। तो प्रदेशभर में जहां इंग्लिश मीडियम स्कूल की कमी है।



उन्हें वहां नए स्कूल खोलने चाहिए। अगर किसी स्कूल में स्टाफ की कमी है। वहां पर नया स्टाफ लगाना चाहिए। शिक्षकों की नई भर्ती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के प्राइवेट स्कूलों में तो पढ़ाने के लिए टीचर उपलब्ध है। न जाने क्यों बीजेपी सरकार को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने के लिए अब टीचर तक नहीं मिल रहे हैं।

### 6 लाख 50 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स में पढ़ रहे

डोटासरा ने कहा कि प्रदेशभर के इंग्लिश मीडियम स्कूलों में फिलहाल 6 लाख 50 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स में पढ़ रहे हैं। ऐसे में अगर इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में कन्वर्ट किया गया। क्या यह गरीब घर के बच्चे एक - एक लाख रुपए फीस देकर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसलिए सरकार को इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद करने की जगह नई स्कूल खोलने पर नए शिक्षकों की भर्ती पर फोकस करना चाहिए। हालांकि अगर किसी जगह हिंदी मीडियम में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या ज्यादा हो। वहां पर सरकार नया हिंदी मीडियम स्कूल खोल सकती है। जिन स्कूलों में बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्हें बंद करना और हिंदी मीडियम में कन्वर्ट करना सरकार का बेतुका फैसला है। इसका कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी।

### गहलोत बोले सरकार का फैसला गरीब और मध्यम वर्ग के विरोध में

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इंग्लिश मीडियम स्कूल को कन्वर्ट करने के फैसले का विरोध कर चुके हैं। गहलोत ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा देने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किए थे। अगर इन स्कूलों में सुधार की आवश्यकता थी तो वर्तमान सरकार इसमें आवश्यक सुधार करती। लेकिन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को फिर से हिन्दी माध्यम करना बेतुका और गरीब और मध्यम वर्ग के विरोध में लगता है।

### सरकार के स्तर पर रिव्यू किया जा रहा

वहीं इस पूरे मामले पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पहले ही कह चुके हैं कि राजस्थान में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की जरूरत को लेकर सरकार के स्तर पर रिव्यू किया जा रहा है। इसके बाद ही स्कूल चलेंगे या बंद होंगे इसको लेकर कोई फैसला होगा। सरकारी स्तर पर रिव्यू करने के साथ ही हम यह भी देखेंगे कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप है भी या नहीं है। इसी आधार पर अंतिम फैसला किया जाएगा।

### अभिभावक है असमंजस में

दरअसल, पिछले दिनों राजस्थान के शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर में संचालित हो रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को फिर से हिंदी मीडियम में कन्वर्ट करने का रिव्यू करने का फैसला किया था। इसको लेकर जिला और उपखंड स्तर पर स्कूल प्रबंधन से सुझाव भी मांगे गए थे।

## जरूरी खबर

### 3 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त, दो अवैध बिल्डिंग किए सील



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को विभिन्न जोनो में कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। इस दौरान जोन-04 में आदिनाथ नगर के भूखंड संख्या-एस2 में व्यावसायिक उपयोग के लिए जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेंट के साथ चार मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्रवाई की। इसके साथ ही लालबहादुर नगर में भी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में आने वाले एसएल मार्ग जयपुरिया अस्पताल लिंक रोड आदिनाथ नगर, जोन-14 के के बासेड़ी रोड़, भाटेड़, तहसील सांगानेर में करीब पांच बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना अनुमति के रिहायशी निर्माण को भी ध्वस्त किया गया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान 15 से

**जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत नगर निगम ग्रेटर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध 15 मई से 17 मई तक तीन दिवसीय सघन अभियान चलाएगा। इस दौरान जयपुर के समस्त वार्डों, जोनों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरुद्ध जब्ती, जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि अभियान के प्रभारी अधिकारी जोन में पदस्थापित राजस्व अधिकारी होंगे। वे जोन एवं वार्ड में कार्यरत मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक के सहयोग के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जब्त की गई सिंगल यूज प्लास्टिक को नगर निगम ग्रेटर जयपुर के आर.डी.एफ. प्लान्ट पर भिजवाकर तोल की रसीद उपायुक्त स्वास्थ्य कार्यालय को भिजवाई जाएगी।

## झोटवाड़ा में राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर खाद्य विभाग का छापा

# केक में पड़े थे कीड़े-मक्खियां और फैक्ट्री में घूम रहे थे चूहे!

■ फैक्ट्री सील... फूड लाइसेंस भी सस्पेंड ■ ऐसा करने का प्रदेश में संभवत: पहला मामला

**जयपुर।** मेडिकल एंड फूड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की टीम ने गुरुवार को झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान यहां पर केक में कीड़े लगे पाए गए। बेकरी आइटम बनाने वाली ट्रे भी गंदी मिलीं। जगह-जगह चूहे घूमते दिखाई दिए। इससे खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया फैलने के खतरे, तमाम गंदगी और एक्सपायरी डेट की चीज मिलने पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया। इसका फूड लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया। गौरतलब है कि राजस्थान में किसी भी फैक्ट्री का फूड लाइसेंस सस्पेंड करने का यह पहला मामला है।







### न मेन्युफैक्चरिंग और ना ही एक्सपाइरी डेट

फूड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। ओझा ने बताया कि छापे के दौरान हमें बड़ी मात्रा में बेकरी में उपयोग होने वाले फूड कलर के डब्बे मिले हैं। इन पर एक्सपायरी डेट नहीं थी। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डेट भी नहीं थी। फैक्ट्री में बने केक की जांच की तो बहुत ही गंदा था। जो खुले में पड़ा था। इस पर मक्खियां और कीड़े मिले। उसके बाद हमारी टीम ने 15 किलोग्राम केक को नष्ट करवाया।

### पेस्ट्री ट्रे पर जमी हुई मिली गंदी

पंकज ओझा ने बताया कि इसके साथ ही पेस्ट्री और पेटीज बनाने में उपयोग आने वाली लोहे की ट्रे को भी देखा, जो बहुत गंदी थी। ऐसा लगा मानों इन्हें कई सालों से साफ नहीं किया गया।










### राधे बेकर्स के जयपुर में तीन से चार आउटलेट

बता दें राधे बेकर्स के विद्याधर नगर समेत जयपुर में 3 से 4 आउटलेट हैं, जहां फैक्ट्री में बना सामान बेचा जा रहा है। टीम ने सिर्फ फैक्ट्री पर छापा मारा था, जहां से बिस्किट, पेस्ट्री, नानखटाई, खाने वाले फैन और फूड कलर को सील किया गया है। काजू और मूंगफली में भी फंगस लगी मिली। इन सभी सामान को जब्त कर लिया गया।



### राजधानी में एक दिन पहले भी हुई थी कार्रवाई

बुधवार को भी जयपुर के कई होटल और रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की गई थी। खाद्य सुरक्षा के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में रामगंज बाजार के एमएम खान होटल पर टीम पहुंची थी। यहां काफी अधिक गंदगी मिली। आटे को जिन बर्तनों में गूंदा जा रहा था, वह भी टूटे हुए और प्लास्टिक के थे। खाना बिना ढंके रखा था। स्टाफ का ट्रेनिंग रिकॉर्ड भी नहीं मिला था।

### स्टाफ का नहीं मिला था मेडिकल रिकॉर्ड

बुधवार को ही रामगंज के मैसर्स गरीब नवाज रेस्टोरेंट में भी स्टाफ का मेडिकल रिकॉर्ड नहीं था। यहां किसी भी तरह का हाइजीन सिस्टम डवलप नहीं था। इन दोनों जगहों से खाद्य पदार्थों का नमूना लिया गया था। साथ ही टीम जयपुर घी हाउस भी पहुंची थी। यहां भी क्वालिटी को लेकर संशय होने पर जांच का नमूना लिया गया था।

## शाश्वत गीता सार



विनायक शर्मा
आध्यात्मिक प्रचारक

श्रीमद्भगवतगीता एक अद्भुत ग्रन्थ है, सभी वेद उपनिषदों का सार इस में संक्षिप्त रूप में कह दिया गया है, जो मानव मात्र के लिए जीवन जीने का एवं जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने का सुगम मार्ग है, मनुष्य जन्म से केवल मान्यताओं के आधार पर जीवन जीता है, जो वह अपने आस पास देखता या सुनता है उसी को सत्य मानकर पूरा जीवन बिता देता है, किन्तु यह जीवन बिताने के लिए नहीं जीने के लिया मिला है, अधिकांश सभी को यह भ्रम है की वे जीवन को जी रहे हैं, किन्तु वे केवल बिता रहे हैं क्योंकि बिना जागरूकता के जीवन में रहना इससे बाहर रहना या कल्पना मात्र है, हम विचार करें कि हमने वर्तमान में रहकर कब जीवन को देखा है या अनुभव किया है तो हमें ज्ञात होगा की हम केवल भूतकाल या भविष्य की कल्पनाओं में ही जीवन को व्यतीत करते आए हैं, जबकि परमात्मा वर्तमान ही है, बाकी सब तो सिर्फ कल्पना है, आपके द्वारा किया गया सत्य शाश्वत अनुभव ही परमात्मा रुपी जीवन है, इन्द्रियों की तृप्ति या मन की गुलामी केवल स्वप्न मात्र है जो सत्य एवं वर्तमान से हमें दूर कर देती है और हम जीवन के इस काल चक्र में फस कर रह जाते हैं, गीता हमें जीवन का वह मार्ग प्रदर्शित करती है, जहां हम भौतिकता में रहकर आध्यात्मिकता के शीर्ष पर पहुंच सकते हैं, गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रन्थ है जिसने पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और संसार में ऐसा कोई दर्शन या ग्रन्थ नहीं जिस पर गीता की भांति अनगनित व्याख्याएं लिखी गई हो, सभी व्याख्याकारों ने अपनी बुद्धि के सहारे सिर्फ चिंतन ही नहीं किया, अपितु सत्य शाश्वत का अपने जीवन में अनुभव भी किया है, अन्य देशों के महापुरुषों ने भी तर्क और कल्पनाओं से बहुत कुछ चिंतन किया, किन्तु भारत के ऋषियों ने देह, इन्द्रियों, मन एवं बुद्धि के परे जाकर गहन स्तर पर सत्य का साक्षात्कार किया है।

*यह शाश्वत गीता सार समस्त भगवद्गीता को सरलता से एवं आज के युग के परिप्रेक्ष्य में पूरे विश्व को समझाने का एक प्रयासमात्र है। यह प्रतिदिन आप इसी समाचारपत्र में पढ़ सकेंगे।*

## HFR कार्यकारिणी की बैठक

# नियमों में छूट मांगी, 150 पॉल्यूशन लाइसेंस बांटे



**बेधड़क** | जयपुर

टोंक रोड स्थित एक होटल में गुरुवार को होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की कार्यकारिणी की बैठक हुई। यहां फेडरेशन की ओर से लगाए गए कैंप में पॉल्यूशन डिपार्टमेंट के सहयोग से बने 150 पॉल्यूशन लाइसेंस डिपार्टमेंट के उच्च अधिकारियों की ओर से वितरित किए गए। बैठक में मुख्य रूप से मोटे अनाज का प्रमोशन, सदस्यों के नगर निगम लाइसेंस, फायर लाइसेंस और भू उपयोग परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने इस बैठक में निगम से फायर एनओसी लेने के लिए नियमों में छूट देने की मांग की।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## बेहतर सफाई के लिए दुकानदारों का सम्मान

# स्वच्छता रैंकिंग में वार्ड 142 अव्वल

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत चलाए गए स्वच्छता अभियान में बेहतर सफाई के लिए वार्ड 142 को प्रथम रैंकिंग दी है। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की गाइडलाइन के अनुसार नगर निगम ग्रेटर जयपुर के समस्त जोनों, वार्डों में निवास कर रहे लोगों में सफाई के प्रति जागरूक करने करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके तहत अप्रैल 2024 में नगर निगम ग्रेटर जयपुर के समस्त जोन, वार्ड में स्थित होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, सरकारी कार्यालय, मार्केट एसोसिएशन, मोहल्ला विकास समिति इत्यादि को सम्मिलित करते हुए प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि 150 वार्डों में गठित टीम द्वारा सर्वे कर स्वच्छतम वार्ड रैंकिंग में मालवीय नगर जोन के वार्ड 142 को प्रथम श्रेणी, मानसरोवर जोन के वार्ड संख्या 76 को द्वितीय एवं झोटवाड़ा जोन के वार्ड संख्या 52 को तृतीय रैंकिंग प्राप्त हुई। उपायुक्त स्वास्थ्य द्वारा सांगानेर जोन के वार्ड संख्या 93 में सिंगल यूज प्लास्टिक , डिस्पोजल का उपयोग ना करने की अपील के साथ ही कुल्हड, कांच के गिलास रखने की समझाइश की। इसके साथ ही उपायुक्त ने स्वेच्छा से स्वच्छता के अन्तर्गत स्वयं ही अपने आस-पास सफाई करने वाले दुकानदारों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

## हेरिटेज निगम और जेडीए की संयुक्त कार्रवाई

# द्रव्यवती नदी परिसर से अवैध निर्माण हटाए

**बेधड़क** | जयपुर



नगर निगम हेरिटेज और जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को संयुक्त अभियान चलाते हुए द्रव्यवती नदी के आस पास बने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की है।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सिविल लाइन जोन क्षेत्र में सोडाला रावल जी का बंधा के पास द्रव्यवती नदी के दोनों ओर गलियारे में 50 मीटर तक अतिक्रमियों ने कच्चे-पक्के मकान बना लिए थे। इस पर गुरुवार को सिविल लाइंस जोन उपायुक्त दलीप कुमार पूनियां के नेतृत्व में सतर्कता शाखा ने जेडीए के साथ संयुक्त अभियान चलाकर इनको ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में जेडीए की इंजीनियरिंग विंग स्टाफ, प्रवर्तन अधिकारी, टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारी और हेरिटेज निगम के सतर्कता शाखा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रबंध निदेशक ने आरएमएससी भवन का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें, लेकिन गुणवत्ता का रखें पूरा ध्यान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने स्वास्थ्य भवन में निर्माणाधीन आरएमएससी के नये भवन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को गति देकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

गिरि ने निर्माणाधीन इस नए भवन के सभी ब्लॉक में जाकर निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन के सभी कमरों में बिजली, पानी एवं इंटरनेट आदि की फिटिंग गुणवत्तापूर्ण हो। गर्भवती महिलाओं के लिए रेस्टरूम एवं क्रेच की व्यवस्था हो। भवन के पीछे गैलरी में ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाए। प्रतीक्षालय में आगन्तुकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हों।



### भवन में फायर डिटेक्टर लगाए जाने के साथ ही हवा एवं रोशनी का पूरा ध्यान रखा जाए

प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने ने भवन में महात्मा गांधीजी की प्रतिमा स्थापित करने, गार्डन एरिया विकसित करने, पुस्तकालय बनाने सहित आवश्यक सभी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन में फायर डिटेक्टर लगाए जाने के साथ ही हवा एवं रोशनी का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि करीब 18 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से आरएमएससी के कार्यों को और अधिक सुचारू ढंग से संचालित किया जा सकेगा और संबंधित सेवाओं का विस्तार किया जा सकेगा। साथ ही, चिकित्सा विभाग से जुड़ी अन्य सेवाओं के लिए भी यहां स्पेस उपलब्ध हो सकेगा।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, विशेषाधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री वीके जैन, अधिशाषी अभियंता श्री अनिल कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जरूरी खबर

### पति-पत्नी के झगड़े में बेटे की चाकू से मौत



**कोटा।** बोरखेड़ा थाना इलाके में पिता ने अपने 10 साल के इकलौते बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी पिता का रसोई में पत्नी से झगड़ा चल रहा था। उसने गुस्से में आकर पत्नी के हाथ पर चाकू मार दिया। मां की चीख सुनकर बेटा बचाने गया तो पिता ने उसकी जान ले ली। इसके बाद खुद को भी जख्मी कर लिया। वारदात के बाद मां के फोन करने पर रिश्तेदार घर पहुंचे और तीनों को एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए। इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। नया नोहरा इलाके में रहने वाले जसवंत और उनकी पत्नी मूर्ति और 10 साल के बेटा लविश के बीच यह घटना हुई।

### सीकर में स्कूलों का समय सुबह 7.30 से 11 बजे तक

**सीकर।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर शीशराम कुल्हरी ने संशोधित आदेश जारी कर सीकर जिले में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए जिले में संचालित राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर तक के विद्यार्थियों के समय में आंशिक परिवर्तन किया है। उन्होंने बताया कि अब इन विद्यालयों का समय प्रातः 7 बजे के स्थान पर प्रातः 7.30 बजे से सुबह 11 बजे तक किया गया है।

### हत्या के मामले में 27 साल से फरार दो इनामी गिरफ्तार



**करौली।** करौली जिले की मासलपुर थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर पिछले 27 सालों से हत्या के मामले में फरार चल रहे डकैत गिरोह से जुड़े 45 हजार के इनामी अजमेर सिंह गुर्जर निवासी चंदीलपुरा हाल नयापुरा थाना बाड़ी सदर और जन्डैल सिंह गुर्जर निवासी सायपुर थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर अजमेर सिंह पर 25 हजार व जन्डैल गुर्जर पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित है। 20 सितंबर 1997 की रात गण्डमडौरा गांव में उनके गिरोह द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर रमेश गिरी नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इनके साथियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। ये फरार चल रहे थे।

### शहर में सिवायचक जमीनों पर भूमाफिया कर रहे कब्जा, नगर परिषद और यूआईटी मौन

# नगर परिषद का गरीबों पर होता सितम... बड़ों पर मेहरबानी

दिलीप पाटीदार | बेधड़क

**सवाई माधोपुर।** शहर में इन दोनों नगर परिषद की ओर से जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार सहित अन्य इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं यूआईटी की अनदेखी के चलते माफियाओं की सरकारी बेशकीमती भूमि पर भी नजर है। नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाने के नाम पर मुख्य बाजार से ठेला व थड़ियों को हटाने का काम किया जा रहा है। जबकि सरकारी बेशकीमती भूमि पर भूमाफिया द्वारा लगातार अवैध



रूप से प्लॉटिंग की जा रही है। इस पर नगर परिषद का जरा भी ध्यान नहीं है। जबकि थड़ी एवं ठेला लगाकर दो जून की रोटी कमाने वाले गरीब तबके के लोगों को नगर परिषद द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है और उनके थड़ी ठेला हटाए जा रहे हैं। वहीं बेशकीमती सरकारी भूमि को प्लाटिंग कर ओने पाने दामों पर खुर्दबुर्द करने वाले भूमाफिया के खिलाफ नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिला मुख्यालय पर सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है और बेशकीमती भूमि पर प्लॉटिंग कर लाखों रुपए कमाए जा रहे हैं और सरकार को राजस्व की चपत लगाई जा रही है।

वहीं नगर परिषद की ओर से यूआईटी और अन्य सरकारी विभागों की जमीनों पर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत अवैध रूप से पट्टे जारी कर दिये गए थे। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि एक और तो नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा ही सरकारी बेशकीमती भूमि पर अवैध रूप से पट्टे तक जारी कर किए गए।

#### नगर विकास न्यास ने अवैध पट्टों पर जताई आपत्ति

वहीं यूआईटी की जमीन पर नगर परिषद की ओर से पट्टे जारी करने पर आपत्ति जताई गई थी और परिषद को पत्र लिखा गया था। यूआईटी की भूमि पर नगर परिषद द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत कैसे पट्टे जारी कर दिए गए। लेकिन यूआईटी के द्वारा पत्र जारी करने के बावजूद नगर परिषद द्वारा इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। नगर परिषद अधिकारी मामले में जांच करने का हवाला देकर कार्रवाई से बचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। यूआईटी के मुताबिक नगर परिषद द्वारा यूआईटी और अन्य सरकारी विभागों की सिवायचक और चारागाह भूमि पर आवास के पट्टे जारी करने पर लोगों द्वारा मकान भी बना लिए गए हैं। यह सभी जगह सरकारी बेशकीमती भूमि है और करोड़ों की कीमत की है। ऐसे में नगर परिषद की अनदेखी के कारण सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की चपत लग रही है।

#### इन जगहों पर सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण

नगर परिषद एवं यूआईटी अधिकारियों की अनदेखी के चलते जिला मुख्यालय के निमली रोड़ स्थित देवनारायण छात्रावास के नजदीक भूमाफियाओं ने बेशकीमती सरकारी सिवायचक भूमि पर नाले में प्लॉटिंग कर दी। इसी तरह आमली मोड़ के बजरंग नगर में भी सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। वहीं हाउसिंग बोर्ड, जनकपुरी सहित शहर के कई इलाकों में भूमाफियाओं द्वारा सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण कर प्लॉटिंग की जा रही है और नगर परिषद यूआईटी व राजस्व विभाग के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### नदी किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों को तैरते दिखे शव

# नदी में डूबने से तीन मासूमों की मौत, घर में पसरा मातम

बेधड़क | उदयपुर

जिले के सायरा इलाके में घर से 500 मीटर दूर नदी में नहाने गईं 3 मासूम बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 2 सगी बहनें और 1 बुआ की लड़की शामिल है। घटना का तब पता लगा जब उधर से गुजर रहे ग्रामीणों को नदी किनारे कपड़े तो दिखाई दिए, पर बच्चे नहीं दिखे। इस पर संदेह होने पर नदी की ओर देखा। तीन शव पानी में तैर रहे थे।

वार्ड पंच मोतीलाल ने बताया कि सायरा मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर आदिवासी क्षेत्र मेर का खेत गांव की घटना है। यहां रहने वाले ओम प्रकाश गरासिया की 3 बेटियां हैं। एक छोटी बेटी अपनी मां के साथ ही खेत पर थी, जबकि 2 बेटियां रीना कुमारी (4), छोटी बहन सविता कुमारी (ढाई साल) और बुआ प्यारीबाई की लड़की जलन गरासिया (4) पुत्री कर्माराम गरासिया घर पर साथ में थीं। प्यारी बाई का घर 3 किमी दूर है। एक बच्ची जलन यहां खेलने आई थी। मंगलवार शाम करीब 6 बजे तीनों मासूम घर से 500 मीटर दूर नदी





#### पानी लेने और नहाने जाते थे घरवाले

मोतीलाल ने बताया कि ओमप्रकाश और कर्माराम दोनों ही खेती करते हैं। आसपास पहाड़ी इलाका और जंगल है। मोबाइल नेटवर्क भी नहीं आता। इसलिए सूचना देरी से मिल पाती है। यहां पीने और नहाने के लिए लोग कुएं और नदियों पर आश्रित हैं। बच्चियों के परिवार वाले अक्सर पानी लेने और नहाने नदी पर जाया करते हैं। इसलिए बच्चियों को नदी का रास्ता पता था। सायरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों शव परिवार वालों को सौंप दिए गए हैं।

के किनारे पहुंच गईं। खेलते-खेलते नदी में उतरीं और डूब गईं। शाम करीब 7 बजे नदी की तरफ से गुजर रहे गांव के ही मंशाराम ने बच्चियों का शव सबसे पहले देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मंगलवार की शाम 2 सगी बहनों सहित 3 की डूबने से मौत हो गई। घटना के समय लड़कियों के घर वाले खेत पर गए थे।

### तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**भरतपुर।** डीग के तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक तालाब पर नहाने को कहकर गया था। तालाब में नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह डूब गया। घटना की सूचना तालाब पर कपड़े धोने गए लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। रिपोर्ट के अनुसार डीग गोवर्धन गेट निवासी रज्जो (35) बुधवार को करीब 3 बजे घर पर तालाब पर नहाने जाने की बोल कर आया था। इसके बाद नहाते समय रज्जो का तालाब में पैर स्लिप हो गया और वह डूब गया। इसकी सूचना तालाब पर कपड़े धो रहे लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए।

### गुजरात के डीसा लौट रही थी सवारियां

# टायर फटने से बेकाबू होकर पलटी ईको कार दो की मौत तीन घायल

बेधड़क | सांचौर

सवारियों से भरी एक ईको कार टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सांचौर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनको छुट्टी दे दी। वहीं मृतकों के शव का गुरुवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

घटना बुधवार रात में नेशनल हाईवे 925ए पर सांचौर के सरवाना थाना इलाके के डूंगरी गांव के पास किसने की बेरी ढाणी में हुई। सरवाना थाना एएसआई किशना राम ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लिए और सांचौर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए। घायल लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि ईको कार रोजाना सवारियों को लेकर सेवड़ा, बाड़मेर (राजस्थान) से डीसा (गुजरात) जाती है। इसी कार में बुधवार सुबह 7 बजे डीसा जाकर शाम 5 बजे सवारियां लौट रही थीं। है। डीसा से लौटते वक्त रात 8 बजे राजस्थान की सीमा में सांचौर



की डूंगरी गांव से 3 किलोमीटर आगे निकलने के बाद किसने की बेरी ढाणी के पास कार का टायर फट गया। कार पलटने से बाड़मेर शहर निवासी बिजला राम देवासी (75) पुत्र सरदाराराम और सेड़वा सालारिया (सांचौर) निवासी सज्जन बानू (37) पत्नी साफड़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार ड्राइवर फरार हो गया। कार में सवार सज्जन बाने के भाई रफी मोहम्मद पुत्र वसंत और अली खान पुत्र सादिक घायल हो गए। दोनों पाचरला सिहानियां (सांचौर) के रहने वाले हैं।

जानकारी में सामने आया कि ईको कार बाड़मेर के सेड़वा से गुजरात के डीसा तक सवारियों को लेकर रेगुलर चलती है। बिजला राम और सज्जन बानू इलाज के लिए डीसा गए थे। कार ड्राइवर पर वाहन चलाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ड्राइवर की तलाश कर रही है। हादसे के समय कार में 12 लोग सवार थे।

### एंबुलेंस व कई एमरजेंसी वाहन फंसे

# टोल प्लाजा पर लगी वाहनों की कतारें

बेधड़क | चाकसू

इलाके के शिवदासपुरा बरखेड़ा टोल पर गुरुवार को जाम के जबरदस्त हालात रहे और दूर तक वाहनों की लंबी कतारें नजर आई। इस दौरान जाम में एम्बुलेंस व कई एमरजेंसी वाहन भी फंस गए। जिन्हें निकालने में टोल कर्मी भी मजबूर व बेबस दिखाई दिए।

गौरतलब है कि गुरुवार को सुबह से ही टोल प्लाजा पर शादी वगैरह के सीजन से क्षमता से अधिक वाहन आ गए। जिससे जल्दबाजी में कई वाहन आड़े-तिरछे लग गए। इससे जाम के हालत बन गए और दूर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम में एम्बुलेंस व कई एमरजेंसी



वाहन भी फंस गए जिन्हें सुचारू के लिए टोल पर कोई पुलिस कर्मी भी नजर नहीं आया। कई वाहन चालकों ने अपने स्तर पर टोल से दूर ही पास के गांवों से कच्चे रास्तों से निकलते दिखाई दिए। जाम खुलवाने में टोल कर्मी मजबूर व बेबस दिखाई दिए और विवाद होने के चलते वाहनों के नजदीक आने से बचे। जाम की स्थिति सुबह से शाम तक ही दिखाई दी।

### बहन और लोगों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन... निष्पक्ष जांच की मांग

# पूर्व विधायक की मौत को लेकर सौंपा ज्ञापन

बेधड़क | भीलवाड़ा

जिले के मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की गत 4 अप्रैल की रात संदिग्ध मौत के मामले में नये-नये मोड़ समाने आ रहे हैं। अब गुरुवार को हजारों लोग निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर पहुंचे।

उन्होंने जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की। धाकड़ की बहन ने आरोप लगाते हुए कहा कि विवेक धाकड़ की पत्नी उनकी बेटी को हथियार बनाकर आगे कर रही है। कोई भी दादा अपनी पोती को घर से बाहर



नहीं निकाल सकता है। वहीं दो दिन पहले धाकड़ की पत्नी और बेटी ने वीडियो जारी कर पति की मौत का जांच का मामला उठाने पर ससुर द्वारा मारपीट कर घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया था। इस संबंध में सुभाष नगर थाने में मामला दर्ज करवाया था। वहीं कन्हैयालाल धाकड़ ने भी विवेक धाकड़ की पत्नी और उनकी बहनों के खिलाफ विवेक धाकड़ को मौत के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए सुभाष नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। दरअसल गुरुवार को धाकड़ समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर धाकड़ की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपने आई विवेक धाकड़ की बहन दीप शिखा ने कहा कि भाई की 4 अप्रैल को मौत हो गई। एक महीना बीत जाने के बाद जांच शुरू नहीं हुई है। विवेक धाकड़ को आत्महत्या के मामले में मजबूर करने के लिए विवेक की पत्नी पद्मिनी धाकड़ व उनके सहयोगियों पर पुलिस कार्रवाई करे। दीप शिखा ने कहा कि कोई दादा अपनी पोती को मारपीट कर घर से बाहर नहीं निकालता है। उन्होंने उन्होंने मेरे पिताजी के खिलाफ बदतमीजी की है। उसका मुकदमा सुभाष नगर थाने में दर्ज है। विवेक धाकड़ की पत्नी अपनी बेटी को हथियार बनाकर आगे कर रही है। इस तरह का वीडियो वायरल किया है, जो बहुत ही दुखद और शर्मनाक है। कलेक्टर व एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बाल विवाह की रोकथाम की अपील

# अक्षय तृतीया का सावा आज, अधिकारी रखेंगे नजर

बेधड़क | भीलवाड़ा

प्रदेशभर में शनिवार को अक्षय तृतीया का अबूझ सावा है। इस मौके पर ढेरों जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। मगर इस बीच बाल विवाह होने की भी पूरी आशंका है। इसके रोकथाम को लेकर लेकर जिला कलेक्टर नमित मेहता अलर्ट मोड पर है।

जिले में अक्षय तृतीया और बैशाख शुद्धी पूर्णिमा बाल विवाह होने की संभावना रहती है। इसे लेकर जिला कलेक्टर ने पहले से ही अधिकारियों को फील्ड में रहकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभिभावकों के नाम एक अपील भी जारी की है। जिला कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है और यह छोटे बच्चे बच्चियों के साथ विश्वासघात है, इसलिए बाल विवाह नहीं करें।

अक्षय तृतीया को बाल विवाह नहीं हो जिसको लेकर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है। बाल विवाह नहीं करें।

उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया व वैशाख शुदी पूर्णिमा (पीपल पूर्णिमा) राजस्थान में अबूझ सावे माने जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अबूझ सावे के मौके पर काफी शादी विवाह समारोह का आयोजन होता है। इन सावों पर कभी कभार बाल विवाह की सूचनाएं भी आती है। इसलिए बाल विवाह की रोकथाम को लेकर भीलवाड़ा जिला प्रशासन मुस्तैद है।



#### एसडीएम और पुलिस को किया पाबंद

जिला कलक्टर ने कहना है कि जिले के तमाम एसडीएम व पुलिस अधिकारियों को पाबंद किया है। उन्हें बाल विवाह की सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। अधिकारियों को फील्ड में रहकर सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रशासनिक व पुलिस की टीम को चाक चौबंद किया गया है। बाल विवाह से संबंधित किसी प्रकार की सूचना आने पर तुरंत जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

#### पंच सरपंच की भी जिम्मेदारी तय

जिला कलक्टर का कहना है कि उच्च न्यायालय ने भी एक निर्णय में कहा है कि बाल विवाह को लेकर पंच व सरपंच की जिम्मेदारी भी रहेगी। इसलिए उन्हें भी इस बारे में ध्यान रखना होगा। मेहता ने कहा कि आम लोगों से कहना चाहूंगा कि बाल विवाह अपराध है। यह छोटे बच्चे -बच्चियों के साथ विश्वास घात की तरह है। ऐसे में कोई भी बाल विवाह नहीं करें। बाल विवाह छोटे बच्चे बच्चियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए भी उचित नहीं है। इसलिए न तो कोई खुद बाल विवाह करें और न ही करवाएं। यदि कोई बाल विवाह कर रहा हो तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दें। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। उसके नंबर जारी कर रखे हैं।

# झुलसी हालत में मिली, मूक बधिर बालिका

बेधड़क | हिंडौन

नई मंडी थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी की रहने वाली 9 वर्षीय मूक बधिर बालिका अज्ञात कारणों से गंभीर रूप में झुलस गई। जिसे गम्भीर हालात में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से रेफर किया है।

घटना की जानकारी मिलने पर नई मंडी थाना के एएसआई मानसिंह ने गंभीर हालत में झुलसी बालिका के बारे में माता-पिता से जानकारी ली। मामले में पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी मूक बधिर बेटी सुबह करीब 11 बजे घर के पास एक सूने स्थान पर अकेली खेल रही थी। घर पर उसकी मां और 3 छोटे भाई-बहन थे। काफी देर बालिका के घर नही पहुंचने पर उसकी तलाश की। जिसके बाद रास्ते में जली हुई अवस्था में रोती-चीखती हुई मिली। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने इस मामले में कोई रिपोर्ट नहीं दी है। वही बालिका के मूक बधिर होने के कारण वह बयान नहीं दे पाई। इधर, जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. मनोज जांगिड़ ने बताया कि 9 वर्षीय बालिका गम्भीर रूप से झुलसी हुई थी।

बालिका के चेहरे के अलावा शरीर का करीब 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा झुलसा हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद दोपहर करीब 1 बजे पीड़िता को 108 एम्बुलेंस से जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया।

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दर्शन विद्या शाखा की पहल

# पक्षी मित्र योजना में लगाए परिंडे... सौंपा पानी का दायित्व

**बेधड़क** | जयपुर

त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दर्शन विद्या शाखा द्वारा गुरुवार को पक्षी मित्र प्रकल्प के अंतर्गत पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा उनमें सुबह-शाम पानी भरने की जिम्मेदारी एक एक छात्र-छात्रा को सौंपी गई। दर्शनविद्याशाखा की समन्वयिका डॉ. रानी दाधीच ने बताया कि इस तपती धरती एवं भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को भी प्यास लगती है। गर्मी में पक्षी इधर-उधर भटकते रहते हैं। पानी नहीं मिलने की वजह से पक्षियों की मौत भी हो जाती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि इन बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करे। मानवीयता की दृष्टि से देखें चाहे ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से देखें तो भी वैशाख एवं ज्येष्ठ मास में जल की व्यवस्था करवाना, प्याऊ खोलना ,पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मनुष्य के लिए बड़ा पुनीत कार्य है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. वाई. एस. रमेश, डॉ. चेतन कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शारदा मुखर्जी , डॉ सुधाकर पांडे, डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे तथा अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## Yuva स्टोरीज

### महाराव शेखाजी के निर्वाण दिवस पर समारोह आयोजित



**बेधड़क** | जयपुर

महाराव शेखा संस्थान के सचिव सम्पत सिंह धमोरा ने बताया कि शेखावाटी के संस्थापक, इतिहास पुरूष, नारी सम्मान के रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग कर स्वर्गारोहण करने वाले, धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक पूज्य महाराव शेखाजी का 536वाँ निर्वाण दिवस समारोह अक्षय तृतीया शुक्रवार दिनांक 10 मई, 2024 को प्रातः 8 से 9.15 बजे तक श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय (छात्र), पंजवन रॉय हॉल, सीकर रोड, जयपुर पर मनाया जाएगा। उक्त समारोह में जयपुर शहर के गणमान्य नागरिक शेखावाटी के संस्थापक पूज्य महाराव शेखाजी को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु उपस्थित होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शेखावाटी के भूभाग पर घाटवा के युद्ध में महाराव शेखाजी ने अपने दो सपुतों दुर्गाजी एवं पूरणजी के साथ नारी के सम्मान को कायम रखने के लिए अपने निकटत्तम संबंधियों से युद्ध कर बलिदान दिया तथा शेखाजी विश्व के इतिहास में धार्मिक सहिष्णुता के अनुकरणीय उदाहरण है। जिस वंश परम्परा को शेखावाटी के सपुतों ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि आज भी शेखावाटी को गर्व है कि भारतीय सेना में शेखावाटी के नौजवानों का जो प्रतिनिधित्व है, उसको देश भूला नहीं सकता। युद्ध कौशल के धनी देश और धर्म के लिए मर मिटने वाले भारतीय सेना के सर्वोच्च सम्मान परम वीर चक्र विजेता हवलदार पीरू सिंह शेखावत तथा महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र और सेना मैडल प्राप्त करने वाले योद्धाओं की बहुत लम्बी सूची शेखावाटी को गौरवान्वित करती है।

### अजय कुमार शर्मा को मिली विद्यावारिधि P.hd.

**बेधड़क** | जयपुर



श्री सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी अजय कुमार शर्मा पुत्र रामवतार शर्मा को ज्योतिष विषय में जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा विद्यावारिधी पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। अजय शर्मा ने अपना शोध डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में ज्योतिष शास्त्र "स्वरमा धृत्यनरपतिजयचर्याशिवस्व रोदय ग्रन्थयो :समीक्षणम्" विषय पर पूरा किया है

### पीएम श्री संदर्भ व्यक्ति क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला शुरू

**जयपुर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् तथा स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य में पीएम श्री विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए नामित संदर्भ व्यक्तियों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का शुभारम्भ गुरुवार को शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल द्वारा होटल गणगौर में किया गया ।




कार्यशाला का आयोजन जो नौ मई से शुरू हुआ, 11 मई तक चलेगा। इसमें पीएम श्री विद्यालय के संस्था प्रधान तथा जिले के डाइट संस्थान से वरिष्ठ व्याख्याता एवं व्याख्याता भाग ले रहे हैं।

## सुबोध पीजी कॉलेज में विज्ञान संस्कार शिविर शुरू

# विज्ञान से उद्यमिता व कौशल विकास संभव: डॉ. अभय जेरे

**बेधड़क** | जयपुर

स्थानीय एस.एस.जैन सुबोध स्नातकोत्तर (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय विज्ञान संस्कार शिविर शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अभय जेरे वाइस चेयरमैन, ए.आई.सी.टी.ई, भारत सरकार) उन्होनें बताया कि विज्ञान के प्रतिदिन होने वाले नवाचार एवं शोध के द्वारा किस प्रकार रोजगार के अवसर सृजित हो सकते हैं एवं विज्ञान के माध्यम से उद्यमिता एवं कौशल विकास किस प्रकार सृजित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तकनीकी से ही देश का विकास संभव होता है, जो इस कार्यक्रम की उपयोगिता को दर्शाता है।

अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष, विज्ञान भारती राजस्थान डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि विज्ञान के माध्यम से जहां नवाचार तथा नवप्रर्वतन करने में सहायता मिली है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार के विज्ञान संस्कार शिविर के युवा पीढ़ी को दैनिक जीवन की दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं सचिव, विज्ञान भारती, राजस्थान डॉ. मेघेन्द्र शर्मा ने बताया कि तीन दिन चलने वाले इस शिविर में कार्यशाला, प्रदर्शनी, चर्चित व्याख्यान, कौशल प्रशिक्षण, योग एवं नवाचार तथा वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श विषय आदि रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन 8.30 से 1.00 बजे तक होगा।



**तीन दिन चलने वाले इस शिविर के मुख्य आकर्षण ये रहेंगे...**

- कार्यशाला- स्कूल विद्यार्थियों के लिए (कक्षा 6 से 12)
- नवाचार प्रदर्शनी- इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के लिए
- चर्चित व्याख्यान तथा अन्य गतिविधियां - सभी प्रतिभागियों के लिए (स्कूल, कॉलेज शिक्षक एवं नवाचारी)

### प्राचार्य शर्मा ने दी शिविर संबंधी जानकारी

कॉलेज प्राचार्य प्रो.के.बी. शर्मा ने समारोह में प्रतिभागियों एवं आगन्तुकों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 9 से 11 मई तक चलेगा। यह तीन दिवसीय शिविर में DST राजस्थान, RTU कोटा, CSIR-SEERI पिलानी, BTU बीकानेर, सुबोध महाविद्यालय एवं विज्ञान भारती राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

# स्कूल शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित

**जयपुर।** सचिवालय में गुरूवार को शासन सचिव, स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा की निष्पादन समिति की आठवीं बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को दी जाने वाली समस्त सामग्री 15 अगस्त तक विद्यालयों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यों की टाइमलाइन निर्धारित करने तथा बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा सभी विद्यालयों में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। टांसपोर्ट वाउचर के शेष भुगतान, निःशुल्क यूनिफॉर्म एवं लाइब्रेरी ग्रान्ट के भुगतान का अनुमोदन किया गया।



बैठक में निष्पादन समिति की गत पांचवी, छठी एवं सातवीं बैठकों की अनुपालना की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, श्री अविचल चतुर्वेदी, वित्त विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अल्पसंख्यक, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला अधिकारिता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्रों का स्मार्ट हेलमेट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा



### SKIT: इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की बड़ी उपलब्धि

**बेधड़क** | जयपुर

एसकेआईटी कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के फाइनल ईयर स्टूडेंट्स पार्थ चाहर, प्रियांशु रावत, राहुल कुमावत एवं रजत चौधरी ने असिस्टेंट प्रोफेसर अजय भारद्वाज के नेतृत्व में "स्मार्ट हेलमेट" का प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है।

### हो सकता है मोबाइल एप से कनेक्ट

यह इंटेलिजेंट फीचर्स और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से राइडर सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हेलमेट के साथ एक कोलीजन सेंसर कनेक्ट है, जो कोई भी हादसा होने पर मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से इमरजेंसी मैसेज भेजता है। हेलमेट का ब्लूटूथ मॉड्यूल इसे मोबाइल एप से कनेक्ट करने की अनुमति देता है और LED डिस्प्ले पर राइडर को टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन प्रदान करता है।

### कॉलेज और स्टार्टअप पर करता है काम

यह तकनीक पारंपरिक हेलमेट के साथ जुड़ी सभी चुनौतियों का सामना करती है एवं वास्तविक समय पर मॉनिटरिंग और फीडबैक के लिए इंटेलिजेंट सुविधाएं प्रदान करती है। कॉलेज के निदेशक जयपाल मील से बातचीत के दौरान तथ्य सामने आया कि कॉलेज नियमित रूप से विभिन्न परियोजनाओं और स्टार्टअप पर काम करता है, जो छात्रों को बेहतर परियोजनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने में सक्षम बनाता है।

### मदर्स और बच्चों का रैंप वॉक

**जयपुर।** बच्चों ने रैंप पर वॉक की तो उनकी मदर्स ने भी उनका बराबर साथ दिया। वो भी उनके संग रैंप पर चलीं। मौका था रायन इंटरनेशनल स्कूल जगतपुरा में गुरुवार को मनाए गए मदर्स डे इवेंट का। कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन डॉ. एएफ पिंटो और मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेस पिंटो के विजन वैल्यू के तहत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रिंसिपल ने मुख्य अतिथि माधुरी और अंशुल पारीक मिसिज सिमर राजस्थान के स्वागत के साथ की। मांटेसरी क्लास से लेकर पांचवी क्लास के स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।



## स्किल इंडिया | कौशल के साथ नए स्टार्ट-अप की ओर जा रहे युवा...

# लाभार्थी आत्मनिर्भर, दूसरों को नौकरी देने में हुए सक्षम

**बेधड़क** | जयपुर/नई दिल्ली

स्टार्ट-अप इंडिया के अनुसार 1 लाख 24 हजार 49 लोगों ने अपना स्टार्ट-अप शुरू किया है, जबकि 6 लाख 98 हजार 902 लोगों ने स्टार्ट-अप पोर्टल का उपयोग किया है। भारत का मौजूदा दौर स्टार्टअप्स का है। अगर आपको एक सफल व्यक्ति बनना है, तो सबसे पहले एक कुशल व्यक्ति बनना होगा। कुशल यानी की स्किल्ड, यानी कि किसी भी विषय का एक अच्छा ज्ञान। आज कल सफलता की राह देश के युवा कुशलता से सीख रहे हैं। दरअसल, कुशलता के लिए सरकार की ओर से भी कई कार्यक्रम चलाए गए, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, नई शिक्षा नीति, कुशल युवा कार्यक्रम, शोध एवं नवाचार जैसे बहुतेरे कार्यक्रम कुशलता सिखाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। कुशलता सीखने के बाद युवा खुद का स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिल रहा है। भारत में सबसे अधिक संख्या युवाओं की है, तो उनके नियोजन से लेकर उनके रोजगार तक के लिए सरकार को चिंता है। इसको ध्यान में रखकर कौशल सिखाने के लिए कई कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। अब उनके कारण बहुत से युवाओं को जॉब मिलने में आसानी हो रही है।




### ग्रामीण क्षेत्रों में स्किल इंडिया का कमाल

ग्रामीण क्षेत्रों में स्किल इंडिया ने खूब कमाल दिखाया। शहरी क्षेत्रों में स्कूल के अलावा अन्य संस्थानों में ट्रेनिंग की व्यवस्था थी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा नहीं था. जब स्किल इंडिया की शुरुआत हुई तो ग्रामीण क्षेत्रों में इसका फायदा जमकर देखा गया। सबसे 2017-18 से लेकर 2022-23 तक ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने स्किल सिखी। बाद में नियोजन मेला व अन्य कंपनियों में नौकरी मिली।

### शिक्षा के साथ ही कौशलता जरूरी

कहीं न कहीं स्किल इंडिया की वजह से बहुत से युवाओं ने जॉब पाई, जो पहले स्किल और कुशल जानकारी नहीं होने की वजह से नौकरी से पीछे रह जाते थे। आज के समय में तो शिक्षा के साथ-साथ कौशल होना जरूरी है। देश की आबादी में करीब 40 फीसदी युवा हैं, जो देश की शक्ति भी हैं। इनका रोजगार एक समस्या बना हुआ है। राजनीतिक मुद्दे से हटकर देखें तो बेरोजगारी एक तरह से सर्वव्यापी है। हर किसी को नौकरी मिल पाना भी इतना आसान नहीं। इसी परेशानी को दूर करने के लिए कुछ युवाओं ने कुशलता सीखने की राह अपनाई। सरकार ने भी इसमें मदद की।

### नई शिक्षा प्रणाली में

नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत स्किल इंडिया, मिशन डिजिटल फाउंडेशन जैसी कई स्कीम शुरू की गई। इन सब में कहीं न कहीं डिजिटल शिक्षा ने भी काफी मदद की। उसके बाद से बहुत से युवाओं ने खुद का नया स्टार्ट-अप शुरू किया है। स्टार्ट-अप इंडिया के अनुसार 124049 लोगों ने अपना स्टार्ट-अप शुरू किया है, जबकि 698902 लोगों ने स्टार्ट-अप के पोर्टल का उपयोग किया है। भारत का मौजूदा वक्त स्टार्टअप्स की ओर अग्रसर है। देश में बिजनेस और कारोबारियों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिक तंत्र दिन-प्रतिदिन बनते जा रहा है। भारत अब एक स्टार्टअप हब के तौर पर देखा जा रहा है।

# नए हिंदोस्तां में हम नई जन्नत बसाएंगे



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कैफी आजमी उर्दू अदब के एक ऐसे अजीम शायर हैं, जिन्होंने अपने अदब के जरिए इंसान के हक, हुकूक और इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ी। मुल्क की सांझा संस्कृति को अवाम तक पहुंचाया। कैफी आजमी बचपन से ही शायरी करने लगे थे। ग्यारह साल की उम्र में लिखी गई उनकी पहली गजल को आगे चलकर गजल गायिका बेगम अख्तर ने अपनी मखमली आवाज दी। 'इतना तो जिन्दगी में किसी की खलल पड़े/हंसने से हो सुकून ना रोने से कल पड़े/जिस तरह हंस रहा हूं मैं पी-पी के अश्क-ए-गम/यूं दूसरा हंसे तो कलेजा निकल पड़े।' यह गजल उस जमाने में खूब मकबूल हुई। शायरी की ओर उनका रुझान कैसे हुआ, यह कैफी की ही जुबानी, 'मैंने जिस माहौल में जन्म लिया, उसमें शायरी रची-बसी थी, पूरी तरह। मसलन मेरे पांच भाइयों में से तीन बड़े भाई बाकायदा शायर थे। मेरे वालिद खुद शायर तो नहीं थे, लेकिन उनके शायरी का जौक बहुत बुलंद था और इसकी वजह से घर में तमाम उर्दू, फारसी के उस्तादों के दीवान मौजूद थे, जो उस वक्त मुझे पढ़ने को मिले, जब कुछ समझ में नहीं आता था। जिस उम्र में बच्चे आम तौर पर जिद करके, अपने बुजुर्गान से परियों की कहानियां सुना करते थे, मैं हर रात जिद कर के अपनी बड़ी बहन से मीर अनीस का कलाम सुना करता था।

कैफी आजमी के घरवाले चाहते थे परिवार में एक मौलवी हो, लिहाजा उन्हें लखनऊ के मशहूर 'सुल्तानुल मदारिस' में पढ़ने के लिए भेजा गया, लेकिन कैफी तो कुछ और करने के लिए बने थे। हुआ क्या?, ये अफसाना निगार आयशा सिद्दकी के अल्फाजों में, 'कैफी साहब को सुल्तानुल मदारिस भेजा गया कि फातिहा पढ़ना सीखेंगे, लेकिन कैफी साहब वहां से मजहब पर ही फातिहा पढ़कर निकल आए।' मौलवी बनने का खयाल भले ही कैफी ने छोड़ दिया, लेकिन अपनी पढ़ाई जारी रखी और प्राइवेट इम्तिहानात देकर उर्दू, फारसी, और अरबी की कुछ डिग्रियां हासिल की। किसी कॉलेज में सीधे एफ. ए. में दाखिला लेकर वे अंग्रेजी पढ़ना चाहते थे, लेकिन सियासत और शायरी का जुनून उनके सिर इतना चढ़ा कि पढ़ाई पीछे छूट गई। अली अब्बास हुसैनी, एहतेशाम हुसैन और अली सरदार जाफरी की संगत में कैफी आजमी ने मार्क्सवाद का ककहरा सीखा। बाद में ट्रेड यूनियन राजनीति से जुड़ गए। ट्रेड यूनियन की राजनीति के सिलसिले में ही कानपुर जाना हुआ। कपड़ा मिल और चमड़ा कारखानों की मजदूर यूनियनों से जुड़कर कैफी आजमी ने मजदूरों-कामगारों के शोषण और गरीबी को करीब से देखा। सरमायेदारों का हकीकी किरदार जाना। यही तजरबात उनकी शायरी में नुमायां हुए। मजदूर और किसानों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर उन्होंने उस वक्त कई शानदार नज्में लिखीं। 'आखिरी इम्तिहां', 'सुर्ख जन्नत', 'मौजूदा जंग और तरक्कीपसंद अनासिर', 'रूसी औरत का नारा', 'जेल के दर पर', 'किरन', 'नए खाके', 'औरत', 'मकान', 'मुगालता', 'तुम मुहब्बत को छिपाती क्यों हो?' जैसी इंकलाबी नज्मे और लंबी मसनवी 'खानाजंगी' इसी दरमियान लिखी गईं। यह सारी नज्में उनकी पहली किताब 'झनकार' में शामिल हैं।

### शायर कैफी आजमी का स्मृति दिवस



*'पद्मश्री' कैफी को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', महाराष्ट्र उर्दू अकादमी द्वारा 'संत ज्ञानेश्वर पुरस्कार', 'महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार', उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'युवा भारतीय पुरस्कार', विश्व भारती यूनिवर्सिटी से 'डी लिट्' की उपाधि के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय अवार्डों से भी नवाजा गया। साल 1973 में कैफी आज़मी को लकवा मार गया। लकवे से उनका आधा जिस्म बेजान हो गया, लेकिन उन्होंने अपना हौसला नहीं खोया। ज़िंदगी के आख़िर तक वे अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करते रहे। 10 मई, 2002 को उन्होंने इस दुनिया से विदाई ली।*

***'दौड़कर डाल गया गले में हार, फिर शरमा गई/मादर-ए-हिंदोस्तां के रुख पे सुर्खी छा गई/कह उठा 'कैफी' हर इक जर्रा बसद कहर-ओ-अताब/इन्किलाब-ओ-इन्किलाब-इन्किलाब-ओ-इन्किलाब।***

'कौमी जंग' और 'नया अदब' जैसे पत्र-पत्रिकाओं में कैफी आजमी की शुरुआती नज्में और गजलें प्रकाशित हुईं। रूमानियत और गजलियत से अलग हटकर, उन्होंने अपनी नज्मों-गजलों को समकालीन समस्याओं के सांचे में ढाला। कैफी आजमी का दौर वह दौर था, जब पूरे मुल्क में आजादी की लड़ाई फैसला-कुन मोड़ पर थी। मुल्क में जगह-जगह अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे। किसानों और कामगारों में एक गुस्सा था, जिसे एक दिशा प्रदान की तरक्कीपसंद तहरीक ने। इस तहरीक से जुड़े सभी अहम शायरों की तरह कैफी आजमी ने भी अपनी नज्मों से प्रतिरोध की आवाज बुलंद की। किसानों और कामगारों की सभाओं में वे जब अपनी नज्म पढ़ते, तो लोग आंदोलित हो जाते थे। खास तौर से जब वे अपनी डेढ़ सौ अश'आर की मस्नवी 'खानाजंगी' सुनाते, तो हजारों लोगों का मजमा इसे दम साधे सुनता रहता।

***'निशानात-ए-सितम थर्रा रहे हैं/हुकूमत के अलम थर्रा रहे हैं/गुलामी के कदम थर्रा रहे हैं। गुलामी अब वतन से जा रही है/उठो, देखो वो आंधी आ रही है।'(नज्म-'आंधी)***

एक ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता के तौर पर साल 1943 में जब कैफी आजमी मुम्बई पहुंचे, तब उनकी उम्र महज तेईस साल थी। उस समय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की मुम्बई इकाई नई-नई कायम हुई थी। वे पार्टी के हॉल टाईमर के तौर पर काम करने लगे। पार्टी के दीगर कामों के अलावा उर्दू दैनिक 'कौमी जंग' और 'मजदूर मुहल्ला' के एडिटोरिअल डिपार्टमेंट में उन्होंने अलग-अलग ओहदे संभाले। मजदूरों के उन्होंने कई संगठन बनाए। प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा के कार्यक्रमों एवं बैठकों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। पार्टी कम्यून में कैफी आजमी का एक कमरे का छोटा सा घर, ऑफिस भी हुआ करता था। जहां हमेशा यूनियन लीडरों और पार्टी कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## बेरोजगारी का प्रमुख कारण है देश में निरंतर बढ़ती जनसंख्या

# स्वरोजगार से बदलेगा मानव जीवन



डॉ. सौरभ मालवीय
वरिष्ठ साहित्यकार

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि विकसित भारत के निर्माण के जिस संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं, युवा उसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हमारा दृष्टिकोण ऐसा विकसित भारत बनाना है जहां प्रत्येक युवा अपने श्रम एवं कौशल क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। हम युवाओं को सीखते हुए कमाने के अवसर देने के लिए एनईपी के अंतर्गत एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकसित करेंगे।*

बेरोजगारी अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं। देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात् जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी।

**युवाओं को प्रशिक्षणः** निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है।




**रोजगार के अवसरः** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024' में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**स्वरोजगार की महत्ताः** स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया।

वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है। यह नियुक्ति के बाद कार्यरत व्यक्ति को स्थिरता के लिए सहायक भी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन में कमी आएगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय कार्यान्वयन प्रतिरूप है। नीति निर्माण, तकनीकी सहायता और सरलीकरण एजेंसी के रूप में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राष्ट्रीय यूनिट ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्य करती है। यह योजना के राज्य मिशन कार्यान्वयन को समर्थन प्रदान करती है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियां कौशल्य और नियोजन परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करती है।

यह योजना बाजार की मांग के समाधान के लिए नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25,696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# विकास के लिए



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मोहल्ले के विकास में कोई दो राय नही है अब, क्योंकि चन्दे की रसीदें बड़ी द्रुतगति से काटी जा रही हैं। वे पाँच लोग थे-जिन्हें देखकर सामान्य गृहस्थ थर-थर कांपने लगते थे। वे आते, खीसें निपोरते तथा गन्दे दांत दिखाकर कहते-'देखिए साहब, थोड़ी देर हमारे साथ भी चलिए-आखिर सामुदायिक विकास का मामला है। अब यह अकेले ही हमारा कार्य तो है नहीं।'

मैं और डर जाता तथा कहता-'भाई, मुझे तो बाजार जाना है। अब बताइए क्या प्रोग्राम है। मेरा मतलब कोई चंदे की बात हो तो मेरा पूरा योगदान है।' तब उनमें से एक आदमी रसीद बुक लेकर आगे बढ़ता और कहता है कि देखिए कल पौष बड़ों का कार्यक्रम है। भगवान का काम है- जो भी देना हो स्वेच्छा से दे दीजिए। मन में आता है कि स्वेच्छा से तो मैं फूटी कौड़ी भी नहीं देना चाहता। लेकिन मन मार कर कहता-'अब बताइए भी, और क्या दे रहे हैं?'

'देखिए, अभी तक इक्यावन से कम तो किसी ने दिए ही नहीं हैं। फिर आप तो पढ़े-लिखे हैं। समिति के समझदार तथा सक्रिय सदस्य हैं। अपने लोग ही नहीं समझेंगे इसके महत्त्व को तो और लोग भला क्या देंगे? फिर साहब इस बहाने कॉलोनी में एक कार्यक्रम हो जाता है तथा मिलना-जुलना हो जाता है।' उनमें से कोई एक आदमी यह रटा हुआ जुमला उगल देता।

मैं यही कह पाता-'सही फरमा रहे हैं आप। मोहल्ले का तथा कॉलोनी का विकास इसी तरह सभी के सहयोग से होता है। यह क्या कम है कि कोई कुछ नहीं कर पाता और आप पांच लगे रहते हैं विकास कार्यों में। आप ही है की देन है कि रोड लाइट्स तीस पर्सेन्ट जल रही है तथा सीवर लाइन भी ठीक-ठाक है। यह बात दीगर है कि कुछेक जगह सीवर से पानी बाहर आकर रोगों को खुला आमंत्रण दे रहा है, पर आप अकेले करो भी क्या-क्या? लीजिए यह इक्यावन, बच्चों की फीस बाद में जमा करवा दूँगा। पहले मोहल्ले का विकास। यदि विकास समिति नहीं होती न, तो सच कहता हूं कि हमारा पार्क भी कूड़ा घर बन जाता। यह आपका ही प्रयत्न है कि यहां आज मंदिर बनाने की सोच रहे हैं?'

वे एक दूसरे के चेहरे देखते और फिर मुझे देखते और मुझे रसीद पकड़ा कर चलते बनते। यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती, कल दीपावली पर अन्नकूट है तो एक दिन होली जलेगी तो किसी दिन मंदिर में किवाड़ लगेंगे। इसके अलावा विकास समिति को मासिक विकास शुल्क अलग देना है। मंदिर समिति और विकास समिति, दोनों धाराएं अलग हैं, लेकिन एकता और अखंडता के लिए इसे मिला दिया गया है।

मेरे सामने समिति के उपाध्यक्ष रहते हैं, वे इन दिनों सबसे बड़े उदासीन है। उन्हें एक पद चाहिए था, वह मिल चुका है, अतः वह सदस्यों की हौसला अफजाई के अलावा कुछ नहीं कर पाते। चन्दा वे भी दे देते हैं, ताकि उनके उपाध्यक्ष को किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो। पूरी कॉलोनी विस्मित रहती है कि यह विकास कौन कर रहा है। सफाई का तो हाल यह है कि कई बार अहसास होता है कि हम पेरिस में तो नहीं रह रहे।

## नॉलेज कॉर्नर: दिलों को मिलाने के लिए हुई थी शुरुआत

# मां के प्रति सम्मान के रूप में मनाते हैं 'मदर्स डे'

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मदर्स डे अलग तारीखों पर मनाया जाता है। अपने देश में भी मदर्स डे मई माह के दूसरे रविवार को मनाते हैं, लेकिन मां को सम्मान देने का यह चलन सदियों पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में इस दिन के मनाए जाने के भी बहुत पुराने प्रमाण मिलते हैं। इसकी शुरुआत दरअसल मदर्स फ्रेंडशिप डे के रूप में हुई। वर्ष 1860 में पश्चिमी वर्जीनिया की एक मां एन रीव्स जार्विस ने इसे एक गंभीर उद्देश्य के साथ शुरू किया था। एक 13 वर्षीय किशोरी की मां जार्विस अपने राज्य के सैनिकों व उनके शत्रुओं के (जो संधि के बाद नहीं थे) के बीच वैमनष्य और शत्रुता के भाव को कम करना चाहती थीं। मदर्स डे पर विस्तृत जानकारी आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने 1914 में घोषित किया नेशनल होली डे

अमेरिकी राष्ट्रपति थॉमस वूडरो विल्सन ने 1914 में मदर्स डे को नेशनल होली डे घोषित कर दिया। थॉमस अपनी मां को बहुत चाहते थे। उन्होंने अपनी पत्नी को चिट्ठी में लिखा, मुझे मां का बेटा कहलाना अच्छा लगता है और वुमन हुड (नारीत्व) के प्रति प्रेम मुझमें अपनी मां से ही आया। फ्रांस की सरकार ने मां बनने वाली महिलाओं को मेडल देने की शुरुआत की थी। प्रथम विश्वयुद्ध में 4 प्रतिशत से ज्यादा फ्रांसीसी नागरिक मर गए थे। इस स्थिति में जनसंख्या वृद्धि के उद्देश्य से सरकार ने वर्ष 1920 में महिलाओं को मां बनने पर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। 10 या अधिक बच्चों की मां को गोल्ड मेडल, 8 बच्चों की मां को सिल्वर मेडल और 5 बच्चों की मां को ब्रोंज मेडल दिया जाता था।




### अमेरिका में खास अंदाज में मनाया जाता है मदर्स डे

एक अनुमान के मुताबिक, अमेरिका में वैलेंटाइन डे के बाद मदर्स डे ही रेस्टोरेंट्स का सबसे व्यस्त दिन रहे हैं। नेशनल एसोसिएशन के अनुसार, इस दिन यहां 92 मिलियन लोग अपनी मां के साथ खाना खाने आते हैं। मेक्सिको में लोग अपनी मां को खुश करने, उसका सत्कार करने और अभिवादन करने के लिए महीने भर पहले से बैंड बुक कर देते हैं। बच्चे सुबह-सुबह मां को जगा कर उसके सामने पारंपरिक गाना 'लास मन्ननिटास' गाते हैं। यहां मदर्स डे 10 मई को मनाया जाता है और इसे डाया डी लास मदर्स के नाम से जाना जाता है। इंश्योर डॉट कॉम नामक वेबसाइट का मानना है कि अगर आप अपनी मां द्वारा किए गए काम के लिए किसी को पैसे देते हैं, तो सालाना बिल 67619 डॉलर तक पहुंच सकता है। जबकि मां यह सब कुछ मुफ्त में करती हैं।

### यूं बढ़ा मदर्स डे का दायरा

*वर्ष 1905 में एन रीव्स के मरने के बाद उनकी बेटी ऐना एम जार्विस ने इसे और भी व्यापक रूप देते हुए इसे स्थानीय इवेंट से बढ़ा कर राष्ट्रीय रूप दे दिया। ऐना के बच्चे नहीं थे, लेकिन आप कह सकते हैं कि मदर्स डे के वर्तमान स्वरूप की मां वे ही थीं, लेकिन उन्होंने इसके कमर्शियलाइजेशन का भरपूर विरोध किया।* कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर

X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
देश के युवाओ! 4 जून को INDIA की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। INDIA की सुनो, नफ़रत नहीं, नौकरी चुनो।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
एक गरीब मां का बेटा ही देशभर की करोड़ों माताओं की तकलीफें समझ सकता है और उसे दूर कर सकता है।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
इंडी गठबंधन का हाथ आतंकियों के साथ? आप ही तय करिए! 1993 के मुंबई बम धमाकों का आरोपी शिवसेना UBT के लिए प्रचार कर रहा है। इससे एक बार फिर देश को बर्बाद करने में जुटी इंडी गठबंधन की नीति और नीयत उजागर हो गई है। ऐसी पार्टी जनता को क्या और कैसी सुरक्षा देगी?

महाराष्ट्र: डिप्टी सीएम अजित पवार का फिर छलका दर्द, कहा- 80 साल की उम्र के बाद नए लोगों को देना चाहिए था अवसर

# मैं शरद पवार का बेटा नहीं, इसलिए मुझे नहीं मिला मौका: अजित पवार

एजेंसी | पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के बेटे नहीं हैं, इसलिए उन्हें राजनीतिक अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 80 साल की उम्र के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए।

अजित ने सवाल किया, अगर मैं उनका बेटा होता तो क्या मुझे अवसर नहीं मिलता? हां, यकीनन मुझे अवसर मिलता। ये कैसा न्याय है। उन्होंने शरद पवार के इस बयान पर कि भाजपा के साथ बातचीत हुई थी, लेकिन उसके साथ जाने के संबंध में बातचीत नहीं हुई थी, अजित पवार ने कहा कि कम से कम उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि बातचीत हुई थी।

अजित पवार ने साथ ही कहा कि वे बातचीत के साक्षी हैं। दरअसल पिछले साल जुलाई में अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के आठ अन्य विधायक महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। इस घटना के बाद राकांपा दो धड़ों में बंट गई थी। पुणे जिले के शिरूर में एक रैली को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि मेरी उम्र भी 60 से ऊपर है। हमारे पास कोई मौका है या नहीं? क्या हम गलत बर्ताव कर रहे हैं? इसीलिए हम भावुक हो जाते हैं। पवार साहब भी हमारे देवता हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन हर व्यक्ति का वक्त होता है। 80 की उम्र पार करने के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि अजित पवार शिरूर लोकसभा सीट से उम्मीदवार शिवाजीराव अधलराव पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे।




### बारामती पवार परिवार का गढ़

पुणे जिले का बारामती पवार परिवार का गढ़ है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार इसी सीट से चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला शरद पवार की बेटी एवं अपनी ननद सुप्रिया सुले से है। बारामती सीट पर सात मई को मतदान हुआ था। पवार ने कहा कि उन्होंने पुणे में कड़ी मेहनत की है, जिला सहकारी बैंक को अपनी पार्टी के नियंत्रण में लाए हैं।

### चंद्रकांत पाटिल के बयान पर जताई आपत्ति

अजित पवार ने पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्य के कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल के उस बयान के बारे में भी बात की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता शरद पवार को हराना चाहते हैं। अजित ने कहा कि उन्हें (पाटिल को) ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए थीं। (उस बयान के बाद) मैंने चंद्रकांत दादा से कहा था कि वह पुणे में भाजपा का काम देखें और वह (अजित पवार) और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बारामती लोकसभा सीट को देखेंगे। उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। पता नहीं उन्होंने ऐसा क्यों कहा, लेकिन बाद में उन्होंने कभी एक शब्द भी नहीं बोला।

---

### पीएम मोदी पर राउत की अमर्यादित टिप्पणी



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के इस बीच नेताओं की जुबान फिसलने का सिलसिला भी जारी है। अब शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत ने अपने बयान से नए विवाद को जन्म दे दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है। अहमदनगर में एक जनसभा में संजय राउत ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को अद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं। इसी वजह से मोदी और शाह भी औरंगजेब जैसा बर्ताव कर रहे हैं।

### विक्रमादित्य सिंह व आनंद शर्मा का नामांकन दाखिल

**मंडी/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह व कांगड़ा से पार्टी के उम्मीदवार आनंद शर्मा ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। विक्रमादित्य के नामांकन के समय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ,पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विक्रमादित्य ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। मीडिया से बातचीत में राजीव शुक्ला ने दावा किया कि विक्रमादित्य सिंह दो लाख के ज्यादा अंतर से जीतेंगे। कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से आनंद शर्मा ने धर्मशाला में नामांकन भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

---

तेलंगाना में शाह ने भरी हुंकार, कांग्रेस पर साधा निशाना

# चुनाव मोदी की गारंटी Vs राहुल की गारंटी के बीच

### यह भी बोले शाह-

- इस चुनाव में मुकाबला 'विकास' और 'जिहाद' के बीच
- 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी

एजेंसी | हैदराबाद

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी चुनाव प्रचार में सियासी घमासान और राजनेताओं के हमले एक दूसरे पर तेज हो गए हैं। चौथे चरण वाले चुनावी राज्य तेलंगाना में चुनावी माहौल काफी गरमाया हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे के एक दिन बाद गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दौरे पर पहुंचे और चुनाव सभाओं में कांग्रेस व उसके नेता राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया। वहीं, राहुल गांधी भी गुरुवार को तेलंगाना के दौरे थे जहां उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर निशाना साधा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और यह विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टीकरण का त्रिकोण बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं। गृह मंत्री ने कहा, ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।



### खरगे पर साधा निशाना

अमित शाह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि तेलंगाना और राजस्थान के लोगों का कश्मीर से कोई लेना-देना नहीं है। दुर्भाग्य से वह नहीं जानते कि यहां के लोग कश्मीर के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं। अनुच्छेद 370 को हटाना मोदी जी द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है, और भारत के लोग इस निर्णय के लिए आभारी भी हैं और गर्व भी करते हैं।

### इस बार तेलंगाना में 10+ सीटें जीतेंगे

अमित शाह ने कहा कि अब तक हुए लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में भाजपा लगभग 200 सीटें हासिल करेगी और पार्टी को 400 सीटों के लक्ष्य को पार करने में मदद करने के लिए तेलंगाना में मतदान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, मुझे केवल 'मोदी, मोदी...' की गूंज सुनाई देती है। तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया और इस बार, मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10+ सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

---

इधर राहुल का दावा...वीडियो संदेश में कहा....

# मोदी के हाथ से निकल रहा है चुनाव, हमारी बनेगी सरकार

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ लोकसभा चुनाव निकल रहा है, इसीलिए वह अब देश के युवाओं का ध्यान भटकाने के लिए कुछ नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में गुरुवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री मोदी के झूठे प्रचार से न भटकने का आग्रह किया। राहुल ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि 4 जून को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

युवाओं को देश की ताकत बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के हाथ से फिसल रहा है और अब वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस समय देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है और नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि वह दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन उन्होंने झूठ बोला, नोटबंदी की और गलत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू किया। पीएम मोदी ने सारा काम उद्योगपति गौतम अडाणी जैसे लोगों के लिए किया है।



### संविधान बदलने की बात देश की आत्मा पर आक्रमण: राहुल गांधी

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद के सरूरनगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा में कहा कि भाजपा-आरएसएस ने साफ कह दिया है कि अगर वे चुनाव जीतेंगे तो हिंदुस्तान के संविधान को बदल डालेंगे। उसे रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का संविधान हिंदुस्तान के गरीब लोगों को अधिकार देता है। भाजपा के नेता जब संविधान को बदलने, उसे रद्द करने की बात करते हैं तो सिर्फ गरीब जनता पर नहीं बल्कि देश की आत्मा पर आक्रमण करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस अब युवाओं के लिए एक नई योजना ला रही है। इसके तहत पहली नौकरी पक्की होगी। इसका मतलब एक साल में पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर, सरकारी अस्पतालों और दफ्तरों में बेरोजगार युवाओं को भर्ती किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी। कुछ भाजपा नेताओं की टिप्पणियों की तरफ इशारा करते हुए राहुल ने कहा, भाजपा देश का संविधान बदलना चाहती है, लेकिन कोई भी ताकत ऐसा नहीं कर सकती।

---

शरद पवार ने पीएम मोदी पर कसा तंज...कहा-

# 3 चरणों का मतदान...परेशान हैं मोदी

एजेंसी | पुणे

राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों के मतदान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को परेशान कर दिया है। उन्होंने अपने भाषणों में खुलेआम मुस्लिम समुदाय का जिक्र करना शुरू कर दिया है। वह महाराष्ट्र के सतारा में मीडिया से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ऐसा कहने का कारण यह है कि इन चरणों के बाद पीएम मोदी ने अपना सुर बदल लिया है। उन्हें लगता है कि सांप्रदायिक बातें करने से स्थिति बदल जाएगी। अपनी पार्टी के कांग्रेस में संभावित विलय के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की। ज्ञात रहे कि हाल ही में एक अखबार को दिए साक्षात्कार में पवार ने कहा था कि अगले कुछ सालों में कई क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस के और करीब आएंगी या उसमें विलय कर लेंगी।w




### दोनों पार्टियों की विचारधारा एक

दोनों पार्टियों की विचारधारा एक है। इसलिए, कांग्रेस के समान विचारधारा वाली पार्टियों का निकट आना आश्चर्य की बात नहीं होगी। पीएम मोदी के इस दावे पर कि कांग्रेस को अंबानी और अडाणी से पैसा मिलता है, पवार ने कहा कि देश में यह चर्चा का विषय रहता था कि अंबानी और अडाणी किसके दोस्त हैं। लेकिन, जिनके खिलाफ ये बातें चल रही थीं वही लोग अब कांग्रेस पर दोष मढ़ रहे हैं।

---

नवनीत राणा के बयान पर बवाल, ओवैसी ने किया पलटवार

# 15 सेकंड पुलिस हटा लो...पता चल जाएगा : राणा



### यह कहा नवनीत ने

छोटा बोल रहा है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा दो तो हम दिखाएंगे कि क्या कर सकते हैं। छोटे को ये कहना है कि तेरे को 15 मिनट लगेंगे छोटे। हमको सिर्फ 15 सेकंड लगेंगे। 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो पता नहीं लगेगा कि कहां से आया और कहां गया।



### यह बोले ओवैसी

प्रधानमंत्री आपके हैं, आरएसएस आपका है, सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है? हमें बताएं कि हमें कहां आना है, हम वहां होंगे। जो करना है कर लेना। 'कौन डर रहा है? हम तैयार हैं। अगर कोई खुलेआम ऐसा कह रहा है तो ऐसा ही सही।

एजेंसी | हैदराबाद

सांसद नवनीत राणा के एक बयान से हैदराबाद का सियासा पारा चढ़ गया है। उनके बयान पर एआईएमआईएम ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर नवनीत राणा का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो हैदराबाद की एक चुनाव सभा में यह कहती हुई दिखाई दे रही है कि 15 सेकंड के लिए पुलिस हटा लो, ओवैसी भाइयों को पता नहीं लगेगा कि वो कहां से आए और किधर गए। नवनीत ने अपने इस बयान का वीडियो अपने एक्स हैंडल पर भी शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने दोनों ओवैसी भाइयों को भी टैग किया है।

नवनीत के इस बयान पर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी भड़क उठे। उन्होंने नवनीत राणा पर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं मोदी जी से कहता हूं कि उन्हें 15 सेकेंड का समय दीजिए। आप क्या करेंगे? 15 सेकंड की बजाय एक घंटा ले लीजिए। हम भी देखना चाह रहे हैं कि क्या आपके अंदर कोई इंसानियत बची है। उन्होंने कहा, 'कौन डर रहा है? हम तैयार हैं। अगर कोई खुलेआम ऐसा कह रहा है तो ऐसा ही सही।

बता दें कि कुछ साल पहले असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरूद्दीन ओवैसी ने एक बयान में कहा था कि अगर 15 मिनट के लिए पुलिस हट गई तो हम तुम्हें बता देंगे। अकबरूद्दीन के 15 मिनट के बयान पर नवनीत राणा ने 15 सेकेंड का बयान दिया है।

---

लोकसभा चुनाव: चौथा चरण 13 को

# तेज हुआ सियासी घमासान, 10 राज्यों की 96 सीटों पर लगा है दांव

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत अब तक तीन चरणों में 283 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब मतदान के चार चरण शेष हैं। चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर मतदान होगा तथा 1717 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे।

चौथा चरण इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि इस फेज में होने वाली सीटों पर फेरबदल होने की बहुत संभावनाएं हैं. यानी, यहां ज्यादातर ऐसी सीटें हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके साथ ही चौथे चरण में देश के कई दिग्गज नेताओं के सियासी भाग्य का फैसला भी होगा। इस चरण में पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है।



### इन राज्यों में होगा मतदान

चौथे चरण में में आंध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, यूपी की 13, पश्चिम बंगाल की 8 और जम्मू कश्मीर की एक सीट शामिल है। इस चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा के लिए भी मतदान होगा।

### विभिन्न दलों की गढ़ रही हैं कई सीटें

चौथे फेज की 96 में से 20 सीटें ऐसी हैं जो किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। ये सीटें हैं- महबूबनगर, मेडक, मावल, शिरडी, बहरामपुर, नालगोंडा, अहमदनगर, बीड, दरभंगा, इंदौर, जलगांव, जालना, खरगोन, खूंटी, लोहारदगा, रावेर, बेरहामपुर, बीरभूम, कृष्णनगर और हैदराबाद हैं। इन 20 में से 10 सीटें भाजपा का गढ़ मानी जाती हैं। जबकि, दो-दो सीटों पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरए) और शिवसेना का दबदबा रहा है। बाकी पर कांग्रेस, टीएमसी, एआईएमआईएम और बीजू जनता दल मजबूत रहे है।

## बसपा-सपा में जुबानी जंग हुई तेज

### दलित-मुस्लिम सपा को न दें वोट: मायावती



इस बीच उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर इस चरण में होने वाले मतदान को लेकर चुनावी घमासान तेज हो गया है। इस चरण में गांधी नेहरू परिवार की गढ़ रही रायबरेली और अमेठी सीट के लिए भी मतदान होगा। इस बीच, बहुजन समाज को बसपा को वोट नहीं देने की सपा प्रमुख अखिलेश यादव की अपील के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने पलटवार किया है। मायावती ने गुरुवार को दलितों, मुसलमानों और वंचित वर्गों से सपा को लोकसभा चुनाव में एक भी वोट नहीं देने का आह्वान किया। सपा प्रमुख के चुनावी क्षेत्र कन्नौज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने याद किया कि कैसे अखिलेश यादव ने अपनी सरकार के दौरान उन जिलों के नाम बदल दिए थे, जिनका नाम दलित, शोषित और पिछड़ा वर्ग में जन्मे महापुरुषों के नाम पर रखा गया था।

### भाजपा-बसपा में है सांठगांठ : अखिलेश



इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहराइच में एक चुनावी जनसभा में अडाणी-अंबानी से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर तंज करते हुए गुरुवार को कहा कि भाजपा के लोग आजकल इतने घबराए हुए हैं कि वे अपने ही लोगों पर हमला करने लगे हैं। उन्होंने बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को पद से हटाने की तरफ भी इशारा करते हुए बसपा को घेरा। अखिलेश ने कहा कि एक दल (भाजपा) अपनों पर हमला कर रहा है तो दूसरा अपनों को ही निकाल रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन दोनों पार्टियों के बीच साठगांठ हैं। अखिलेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण खत्म हो चुके हैं और अब, जब चौथे और पांचवें चरण का वोट पड़ेगा तब भाजपा का पूरा का पूरा संतुलन डगमगा जाएगा। कुछ लोग 400 पार का नारा दे रहे थे। लेकिन जिस तरीके से लोगों ने वोट डालकर भाजपा को संदेश दिया है, अब उनकी हिम्मत नहीं हो रही है कि वह 400 पार का नारा दे दें।

## जरूरी खबर

### निज्जर मामले में कनाडा ने नहीं दिया सबूत: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीयों की गिरफ्तारी के मामले में कनाडा ने इस मामले में कोई विशिष्ट या प्रासंगिक सबूत या जानकारी नहीं दी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार कोप्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कनाडा ने हमें गिरफ्तारी की जानकारी दी है। लेकिन हमें कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है। हमें सिर्फ यही बताया गया है कि तीन भारतीयों को निज्जर के मामले में हिरासत में लिया गया है। इसके बारे में कोई औपचारिक या राजनायिक संदेश हमारे पास नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि भारत ने बार-बार इस बात को उजागर किया है कि हिंसा फैलाने वाले, उग्रवादियों और अलगाववादियों को कनाडा में पनाह दी जाती है।

### अब अधीर रंजन चौधरी के विवादित बोल



**नई दिल्ली।** पूर्व ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा की एक विवादित टिप्पणी के बाद अब कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ऐसी ही विवादित बात कह दी है। चौधरी ने पित्रोदा के बयान का बचाव करते हुए कहा कि हमारे यहां प्रोटो ऑस्ट्रेलॉयड, मंगोलॉयड, नेग्रिटो क्लास के लोग हैं। हमारे देश की जनसांख्यिकी में क्षेत्रीय विशेषताएं अलग-अलग हैं। किसी ने जो कहा वह उसकी निजी राय है लेकिन यह सच है कि कुछ लोग गोरे हैं, कुछ काले हैं। ज्ञात रहे कि पित्रोदा ने अपनी एक टिप्पणी में दक्षिण भारत के लोगों की तुलना अफ्रीकियों से और पूर्व के लोगों की चीनी से तुलना की थी।

### तमिलनाडु: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**शिवकाशी (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से पांच महिलाओं सहित नौ श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

विस्फोट इतना जोरदार था कि घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने घायलों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक व्यक्ति की हालत बहुत गंभीर है।

## पद्म पुरस्कारों से हस्तियां सम्मानित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 132 लोगों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। अभिनेत्री विजयंती माला सहित पांच लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, 17 लोगों को पद्म भूषण और 111 लोगों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज दिवंगत फातिमा बीवी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी ओर से यह पुरस्कार उनके परिवार की करीबी ने ग्रहण किया। पुरस्कार ग्रहण करते के चिरंजीवी, जोशना चिन्नपा,फातिमा बीवी की ओर से पुरस्कार ग्रहण करती उनकी करीबी , वैजयंती माला और ओ राजगोपाल । इन लोगों को इनकी विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## हरियाणा में फिर बढ़ी सियासी हलचल

# बदल रहे हैं समीकरण, तीन JJP विधायक खट्टर से मिले

■ कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव लाए तो हम करेंगे समर्थन: दुष्यंत चौटाला

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा में गत दिनों तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद राज्य की नायब सिंह सरकार पर आए सियासी संकट को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जननायक जनता पार्टी के कांग्रेस के साथ जाने के संकेत के बीच तीन जजपा विधाकयों ने विधायकों ने गुरुवार को पानीपत में पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की है। इस बैठक में टोहाना विधायक देवेंद्र बबली, नरवाना से रामनिवास सूरजखेड़ा और जोगीराम सिहाग शामिल हुए।

ज्ञात रहे कि 10 विधायकों वाली जजपा ने गत दिनों खट्टर सरकार से अपना नाता तोड़ लिया था। खट्टर से मुलाकात करने वाले जोगीराम सिहाग और देवेन्द्र बबली ने कहा कि राज्यपाल को पत्र भेजने से पहले हमसे कोई बात नहीं की गई। अब माना जा रहा है कि जजपा के कुछ विधायक अलग से बैठक कर सकते हैं। राजनीतिक संकट के बीच भाजपा की नजर जजपा पर बनी हुई है। हालांकि पूर्व डिप्टी सीएम एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला कहते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी, सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाती है, तो जजपा उसे बाहर से समर्थन देगी।



### नायब सरकार अल्पमत में: हुड्डा

वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद से नायब सरकार अल्पमत में आ गई है। हमारी मांग है कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर तुरंत नए सिरे से चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस भी अपना प्रतिनिधिमंडल लेकर राज्यपाल से मिलेगी। कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं।

### 88 में 45 विधायक सरकार के खिलाफ

हुड्डा ने कहा कि वर्तमान में 30 विधायक कांग्रेस के पास हैं। 10 विधायक जजपा के पास हैं। तीन निर्दलीयों ने कांग्रेस का समर्थन किया है। एक विधायक बलराज कुंडू और इनेलो नेता अभय चौटाला भी सरकार के खिलाफ हैं। इस प्रकार 45 विधायक सरकार के खिलाफ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पूर्व बिजली मंत्री के इस्तीफा देने के बाद 88 विधायकों में से 45 सरकार के खिलाफ हैं। ऐसे में नायब सिंह सैनी सरकार को बने रहने का अधिकार नहीं है। हुड्डा ने जननायक जनता पार्टी की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी अपने 10 विधायकों को लेकर चंडीगढ़ परेड़ करवाने पहुंचे तो हम भी अपने 30 विधायक लेकर पहुंच जाएंगे।

### सुनहरा मौका, हुड्डा अपने 30 MLA और 3 निर्दलीय तैयार रखें: दिग्विजय चौटाला

दूसरी तरफ जजपा के महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि राज्य में सरकार बनाने का हमारे पास सुनहरा मौका है। हम व्हिप के साथ-साथ लिखित में भी देने को तैयार हैं। हुड्डा अपने 30 और तीन निर्दलीय विधायक तैयार रखें। दुष्यंत चौटाला के पास 10 विधायक हैं, वे पूरी तरह तैयार हैं। अगर ज्यादा समय लगा तो भाजपा उन तीनों को अपने पक्ष में कर लेगी। ऐसे में आज ही नायब सिंह सैनी की सरकार को गिराया जा सकता है। हुड्डा के पास तीन निर्दलीय विधायक होना एक अच्छी बात है।

## ED ने किया जमानत का विरोध, कहा...

# चुनाव प्रचार करना कोई मौलिक अधिकार नहीं




एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध किया है। ईडी ने केजरीवाल को जमानत मिलने से पहले अदालत में एक हलफनामा दायर कर कहा है कि कानून सभी के लिए बराबर है और चुनाव प्रचार कोई मौलिक, संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं है।

प्रवर्तन निदेशालय ने अपने हलफनामे में कहा कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए जमानत नहीं दी गई है। इस तरह अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए केजरीवाल को जमानत देना एक गलत मिसाल कायम करेगा। ईडी का कहना है कि कोई भी राजनेता किसी विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकते हैं और अपराध करने पर नेताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह ही गिरफ्तार किया जा सकता है। केवल चुनाव प्रचार अभियान के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना समानता के नियम के खिलाफ होगा।

इससे पहले बुधवार को न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए कहा था कि जमानत पर अंतरिम आदेश शुक्रवार को सुनाया जाएगा। इसके अलावा गिरफ्तारी को चुनौती देने से संबंधित मुख्य मामले पर भी उसी दिन सुनवाई की जाएगी। इसके जवाब में प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि अंतरिम जमानत याचिका खारिज की जानी चाहिए क्योंकि यह कानून के विपरीत फैसला होगा और इससे कानून के शासन का उल्लंघन होगा। ईडी ने कहा कि कोई कितना भी बड़ा कद हो लेकिन वह कानून से ऊपर नहीं हो सकता।

## मालदीव के विदेश मंत्री की जयशंकर से भेंट

# ढीली पड़ी अकड़, मजबूत रिश्तों की लगाई गुहार

एजेंसी | नई दिल्ली

हाल में आई रिश्तों में खटास के बीचपहली बारर भारत के सरकारी दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने कहा, यात्रा काफी अच्छी रही। भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर के साथ बहुत उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, मालदीव इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट है कि उसे भारत के साथ रिश्ते मजबूत रखने हैं। हम



बहुत अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। इससे मालदीव के लोगों और भारत के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, अगर आप वास्तव में 1965 में वापस जाएं, जब मालदीव स्वतंत्र हुआ तो भारत मालदीव को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। बीते करीब 55 वर्षों के दौरान दोनों देशों के बीच बहुत उपयोगी द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्री मूसा जमीर ने कहा, मालदीव पहले ही साफ कर चुका है कि मंत्रियों का बयान सरकार का आधिकारिक रुख नहीं है। हमारा मानना है कि ऐसी टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए थी। हम यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई कर रहे हैं कि आने वाले समय में ऐसे बयान न दिए जाएं। मूसा के मुताबिक संबंधों की तल्खी को लेकर सोशल मीडिया पर गलतफहमी फैल गई है। मालदीव और भारत की सरकारें समझती हैं कि क्या हुआ है। दोनों सरकारें उस चरण को पार कर चुकी हैं।

## जीएसटी मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा...

# शक के आधार न किया जाए अरेस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत गिरफ्तारी के मामले में कहा, सिर्फ संदेह के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि कोई भी गिरफ्तारी महज संदेह के आधार पर नहीं,



ठोस सामग्री और उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की जाती है, उसे मजिस्ट्रेट को सत्यापित करना चाहिए। खंडपीठ ने कहा, उचित तरीके से पूछताछ और कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया के पालन के बाद ही कोई गिरफ्तारी होनी चाहिए। केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पैरवी कर रहे थे। शीर्ष अदालत की टिप्पणी पर राजू ने कहा, गिरफ्तारियां उचित सबूतों और सामग्री पर आधारित है। जांच एजेंसियां हवा में किसी को गिरफ्तार नहीं करतीं।

## कोच्चि में परामर्शदात्री बैठक में घोषणा संभव

# अंटार्कटिका में होगा नया अनुसंधान स्टेशन मैत्री-2

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत अंटार्कटिका में एक नया अनुसंधान स्टेशन मैत्री-2 बनाने जा रहा है। औपचारिक तौर पर इस योजना के बारे में अंटार्कटिक संधि (एटीसीएम) की 46वीं बैठक में बताया जाएगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन के मुताबिक, इस साल, हम एटीसीएम को सूचित करने जा रहे हैं कि हम अपने अनुसंधान स्टेशन मैत्री के पुनरुद्धार की योजना बना रहे हैं। इसका मतलब है, मैत्री बहुत पुरानी है, हमें फिर से निर्माण करना होगा। अंटार्कटिका में भारत के दो सक्रिय अनुसंधान केंद्र मैत्री और भारती हैं। यहां देश का पहला अनुसंधान केंद्र दक्षिण गंगोत्री 1983 में स्थापित किया गया था, लेकिन यह बर्फ में डूब गया। अंटार्कटिका में लगभग 35 साल पहले स्थापित किया गया मैत्री वैज्ञानिक समुदाय के बीच एक गांव कहा जाता है। वहीं, 12 साल पहले स्थापित किया गया भारती एक अत्याधुनिक सुविधायुक्त अनुसंधान केंद्र है। इसमें बगैर बड़े स्टाफ के एक लग्जरी होटल की सभी सुविधाएं हैं। मैत्री-2 अनुसंधान स्टेशन बन जाने के बाद इसे एक स्मारक का नाम दें ग्रीष्मकालीन शिविर में बदला जाएगा।



### क्या है एटीसीएम के एजेंडे में

एटीसीएम के एजेंडे में अंटार्कटिका में पर्यटन को नियमित करने की योजना है। एटीसीएम एजेंडा की प्रमुख बातों में अंटार्कटिका और उसके संसाधनों के स्थायी प्रबंधन के लिए रणनीतिक योजना बनाना शामिल है। इस योजना में नीति, कानूनी और संस्थागत संचालन, जैव विविधता खोज, सूचना और डेटा का निरीक्षण और आदान-प्रदान, अनुसंधान, सहयोग, क्षमता निर्माण और सहयोग,जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, पर्यटन ढांचे का विकास और जागरूकता को बढ़ावा दिया शामिल है।

### पंकज सरन का नाम एटीसीएम के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित

दरअसल, इस महीने के आखिर में कोच्चि में एटीसीएम की 46वीं सालाना और पर्यावरण संरक्षण समिति की 26वीं बैठक 20 से 30 मई को होगी। भारत ने एटीसीएम के अध्यक्ष के तौर पर वरिष्ठ राजनयिक और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पंकज सरन का नाम प्रस्तावित किया है। एटीसीएम और सीईपी बैठकों में 60 से अधिक देशों के 350 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस मौके पर दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में अनुसंधान में लगे देश अपनी वैज्ञानिक गतिविधियों के परिणाम और भविष्य की योजनाएं साझा करेंगे। भारत उन देशों में से एक है जो 'आइस कोर' प्राप्त करने के लिए दुनिया के सबसे ठंडे, सबसे शुष्क और सबसे तेज़ हवा वाले महाद्वीप की विशाल बर्फ की चादरों में छेद करके अंटार्कटिका की जांच कर रहा है।

## हिंदुओं संबंधी रिपोर्ट पर सियासत

# आबादी घटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार: भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में हिंदुओं की आबादी घटने संबंधी एक रिपोर्ट को लेकर सियासत शुरू हो गई है। देश में मुसलमानों की बढ़ती आबादी और इसका एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भाजपा ने गहरी चिंता जताई है। उसने देश में हिंदुओं की जनसंख्या में इतनी गिरावट के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस आबादी के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली है, वह निश्चित रूप से एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में कटौती करेंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एक समुदाय विशेष की आबादी इस कदर बढ़ती जा रही है कि वह भारत की जनसांख्यिकी को ही बदल रही है।

### भाकपा ने साधा निशाना

दूसरी ओर भाकपा महासचिव डी.राजा और राजद नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार की जनसंख्या रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह वोटों के विभाजन के लिए किया गया है। डी. राजा ने रिपोर्ट आने की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह रिपोर्ट चुनाव के दौरान ही क्यों लाई गई।

## सुपर हीरो फिल्म 'छोटा भीम' में लीड रोल कर रहे यज्ञ ने शेयर की जर्नी

# 'पापा-मम्मी ने छोड़ी नौकरी-बिजनस ताकि मैं फिल्मों में काम कर सकूं'




बेधड़क | जयपुर

हिन्दी में टीवी की दुनिया का लोकप्रिय सुपर हीरो एनिमेशन शो 'छोटा भीम' पहली बार फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर होगा। राजीव चिल्का के निर्देशन में बनी इस फिल्म का टाइटल है 'छोटा भीम एंड दा कर्स ऑफ दमयान', जिसके कलाकार गुरुवार को जयपुर में थे। पंगा समेत कई हिंदी फिल्मों में बेहतर अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले उत्तराखंड के हरिद्वार के लक्सर में रहने वाले बाल कलाकार यज्ञ भसीन छोटे भीम के रूप में नजर आएंगे।

नीरज विक्रम द्वारा लिखी पौराणिक कहानी ढोलकपुर के प्राचीन डिस्टोपियन गांव में सामने आती है, जो रहस्य, रोमांच और वीरता से भरपूर है। भीम जिसे प्यार से छोटा भीम कहा जाता है को ढोलकपुर के रक्षक के रूप में दिखाया गया है। कलाकारों ने बताया कि फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे भीम का पंसदीदा शहर संकट में है।

ढोलकपुर और वहां के लोगों को दुष्ट् दमयान के अभिशाप से बचाने के लिए छोटा भीम को गैंग के साथ सबकी मदद करते दिखाया गया है।

### 2018 में मिला पहला ब्रेक

उन्होंने बताया कि मुझे 2018 में टीवी सीरियल 'मेरे साईं में पहला ब्रेक मिला। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा', 'सीआईडी', 'कृष्णा चली लंदन' आदि कई अन्य धारावाहिकों में किरदार निभाए। मुझे शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन के साथ विज्ञापन फिल्मों में काम करने का मौका मिला। फिल्मों में पहला मौका 2020 में रिलीज अश्विनी अय्यर तिवारी की फिल्म 'पंगा' में मिला। फिल्म के बाद एक और बड़ा मौका बालाजी टेलीफिल्म्स के टीवी शो 'ये हैं चाहतें' में मिला। यज्ञ ने कहा कि मेरी इच्छा हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने की है। मैं उम्मीद करता हूं कि 'छोटा भीम-एंड द कर्स ऑफ दमयान' के रिलीज के बाद हॉलीवुड के दरवाजे खुल सकते हैं।

### बच्चों ने दिखाया अनुशासन

निर्माता और पर्दे पर भीम की मां का किरदार निभा रही मेघा चिल्का ने बताया कि शूट से पहले हमें चिंता थी कि बच्चों को सेट पर कैसे संभाल पाएंगे और इनसे अभिनय कराना कैसे संभव होगा? लेकिन, जब सेट पर गए तो यह सब इतना आसान हो गया कि सभी बच्चों ने बहुत अनुशासन से अपना अभिनय किया। सब अपने डाइलॉग्स अच्छे से याद करते थे और एक ही टेक में सीन शूट हो जाता था। मैंने भीम की मां का किरदार निभाया है। सभी बच्चों के पैरेंट्स ने पूरा सहयोग किया। बस मैं सभी दर्शकों से कहना चाहूंगी कि छोटा भीम बच्चों के लिए बड़ी मेहनत से बनाई गई सुपर हीरो फिल्म है।

### मैं खुद भीम का फैन

जयपुर में फिल्म के प्रमोशन के लिए आए यज्ञ ने कहा कि ये मौका मेरे लिए खास है। क्योंकि मैं खुद बचपन से ही छोटा भीम शो का फैन रहा हूं। शुरू से ही शक्तिमान व छोटा भीम शो देखता था और कई बार छोटा भीम के किरदार व डॉयलाग घर में मम्मी व पापा के सामने कहता था। ऐसे में फिल्म में काम करने का मौका मिलना मेरे लिए एक ख्वाब के पूरा होना जैसा है। यज्ञ ने कहा, कि मेरी फिल्मों में काम करने की जिद को पूरा करने के लिए पापा व मम्मी ने सरकारी नौकरी व बिजनेस छोड़ दिया और मुझे लेकर मुंबई में शिफ्ट हो गए।

## हरियाणा में लगेगी जयपुर के मूर्तिकारों की बनाई गई प्रतिमा



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में बनाई गई भगवान परशुराम की प्रतिमा हरियाणा में स्थापित की जाएगी। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी की यह प्रतिमा भारती शिल्पकला में मूर्तिकार महावीर भारती व निर्मला कुलहरी द्वारा तैयार की जा रही है। प्रतिमा सवा 11 फीट की है, जिसका क्ले मॉडल तैयार किया जा चुका है। करनाल हरियाणा से नगर परिषद की टीम इसका अवलोकन भी कर चुकी है। मूर्तिकार महावीर ने बताया कि प्रतिमा अष्ट धातु में बनाई जाएगी। इसका वजन 1500 किलो के लगभग होगा। प्रतिमा लॉस्ट वेक्स पद्धति से तैयार की जा रही है। बता दें कि मूर्तिकार महावीर व निर्मला को इस प्रकार के काम के लिए प्रधानमंत्री से लेकर 10 राज्यों के मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुके हैं।

## वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज से दो दिन कई आयोजन

**बेधड़क. जयपुर।** किशनपोल बाजार के टिक्की वालों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर श्री बुधचंदजी बज में शनिवार को 2 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। अध्यक्ष मोहनलाल बज व मंत्री सुभाष बज ने बताया कि शनिवार रात्रि 7:15 बजे से भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान की 278वीं कड़ी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जैन सोश्यल ग्रुप हेरिटेज सिटी जयपुर द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर पार्षद अरविन्द मेठी अतिथि, समाज सेवी प्रमोद-रेणूका जैन शास्त्र विराजमानकर्ता, राजेश बज मुख्य मंडल पर दीप प्रज्वलनकर्ता तथा महेन्द्र-अल्का बैनाडा, कमला-संजय भौच, रवि कुमार-राजा देवी बज, पुष्प लता बाकलीवाल चतुष्कोणीय दीप प्रज्वलनकर्ता होंगे। वहीं, रविवार को मंदिर परिसर में किए गए जीर्णोद्धार कार्य, डोम निर्माण व नवनिर्मित 5 वेदियों की शुद्धि के बाद नवीन वेदियों में श्रीजी को विराजमान किया जाएगा।

# City इवेंट्स

### जिंक ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में गुरुवार को उदयपुर के जावर में 72 मैचों में से 61 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि जिंक फुटबॉल अकादमी व ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें दूसरे हाफ में मिली दो पेनल्टी से जिंक ने ब्रदर्स यूनाइटेड को 2-2 बराबरी पर रोका। शनिवार को अजमेर के मेवो कॉलेज में चैंपियन मेकर फुटबॉल अकादमी और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल के बीच मैच होगा।

### सिन्धी कक्षाओं को मिलेगा सहयोग

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा पूज्य सिन्धी पंचायतों, संस्थाओं, सिन्धी विद्यालयों के सहयोग से राज्यभर में सिन्धी कक्षाओं (अरबी/देवनागरी लिपि) के संचालन के लिए संस्थाओं से आवेदन मांगे गए हैं। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि सिन्धी युवाओं को अपनी मातृभाषा से जोड़ने के उद्देश्य से अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में निःशुल्क सिन्धी भाषा शिक्षण शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर राज्य भर में प्रतिदिन दो घंटे के लिए एक माह तक संचालित किए जाएंगे। अकादमी द्वारा सहयोगी संस्था को 5000 रुपए का आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। इच्छुक सिन्धी संस्थाएं 20 मई तक rajsindhiacademy@gmail.com पर आवेदन कर सकती हैं। साथ ही 0141-2700662 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### ऋषभदेव का प्रथम पारणा दिवस आज



**बेधड़क, जयपुर।** जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का प्रथम पारणा दिवस अक्षय तृतीया पर्व शुक्रवार को जैन धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। अभादि जैन परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अक्षय तृतीया महापर्व के मौके पर जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मुनि के रूप में मुनि आदि कुमार के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। त्याग की महिमा दर्शाते हुए जगह-जगह दान देने के आयोजन होंगे।

## रेज ने लगाए नेत्र जांच शिविर

# 'विजन फॉर टुमारो' में बच्चों के ख्वाबों को मिली चमक






बेधड़क | जयपुर

'रेज-आशा की एक किरण' संस्था की ओर से 'विजन फॉर टुमॉरो' के तहत चंद प्रकाश संतोष मेहरा पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट और रघुदीप आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र जांच शिविर लगाए गए।

पहला शिविर खातीपुरा में शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। यहां 495 छात्रों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 151 जरूरतमंदों बच्चों को चश्में वितरित किए गए। दूसरा शिविर पांचावाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगाया गया, जहां 346 छात्रों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 94 जरूरतमंद बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। कैप्टन गुरिंदर विर्क ने कहा कि आंखों की रोशनी अनमोल उपहार है और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि प्रत्येक बच्चा इस दुनिया की खूबसूरती को अपनी आंखों से अनुभव कर सके। 'विजन फॉर टुमॉरो' पहल से हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को केवल चश्मे वितरित करना नहीं है, बल्कि बच्चों के लिए नई संभावनाओं और अवसरों को तलाशना है। हमारा मानना है, कि स्पष्ट दृष्टि के साथ ख्वाब भी स्पष्ट आते हैं और हम हर कदम पर उन ख्वाबों को पूरा करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

## ड्रग लॉ एनफोर्समेंट पर प्रशिक्षण कार्यशाला

# जागरूकता से रोकी जा सकती है युवाओं में नशे की प्रवृत्ति




बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर व नारकोटिक्स अकादमी जयपुर (नासिन) की ओर से ड्रग लॉ एनफोर्समेंट (औषधि कानून प्रवर्तन) विषय प्रशिक्षण कार्यशाला में ड्रग्स और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में बताना और जागरूक करना था। इस अवसर पर सीजीएसटी जोधपुर के ज्वाइंट कमिश्नर रामसिंह गुर्जर ने कहा कि निश्चित मात्रा में डॉक्टर की सलाह से ड्रग्स लेने पर वह दवा बन जाती है और जरूरत से ज्यादा मात्रा में लेने पर जहरीली ड्रग्स बन जाती है।

हरेक मेडिसिन एप्रूव्ड होने के बाद ही दवा बनती है। प्रशिक्षक ने पीपीटी प्रजेंटेशन से बताया कि कई बार गरीबी और मजबूरी लोगों को ड्रग्स और नशे का शिकार बना देती है। जन जागरूकता के बिना ड्रग्स और नशे की प्रवृत्ति को रोका नहीं जा सकता है। कार्यशाला में नासिन के एडिशनल असिस्टेंट डायरेक्टर वीके शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अशोक वर्मा और असिस्टेंट डायरेक्टर ललित पालीवाल, सरिता गोयल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न पीपीटी और स्लाइड शो के माध्यम से स्टूडेंट्स को नशे से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया।

## हेरिटेज किड्स फैशन शो | बाल प्रतिभाओं ने एक्टिविटीज को किया एंजॉय

# एक्सपर्ट्स ने दिए बच्चों को ग्रूमिंग टिप्स, कराई रैंप वॉक की रिहर्सल



बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज किड्स फैशन शो का ग्रूमिंग सैशन सहकार मार्ग स्थित वेदरूप सैलून में आयोजित किया गया। सेशन में फैशन एक्सपर्ट डॉ. बुलबुल नायक ने बच्चों को रैंप वॉक, फोटो सेशन के टिप्स दिए।

शो में पार्टिसिपेट कर रहे बच्चों को एक्सपर्ट पैनल द्वारा मॉडलिंग, फैशन, रैंप, स्टाइलिंग इत्यादि से संबंधित जानकारी व टिप्स दी गई। बच्चों ने भी एक्टिविटी को एंजॉय किया और अपने कॉन्फिडेंस को निखारा। कार्यक्रम में वेदरूप की मैकअप एक्सपर्ट डॉ. आरती जैन ने बच्चों को ब्यूटी टिप्स दिए। कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि शो में 2 से 12 साल के बच्चे भाग ले रहे हैं।

### इन्होंने किया पार्टिसिपेट

सेशन में चाइल्ड मॉडल एक्टर अर्विक बैराठी, भवि सोकल, विवान सैनी, पार्थ सैनी, दक्ष खत्री, रेयांश सोनी, आहाना शर्मा, नितिन सोनी सहित अन्य चाइल्ड मॉडल्स ने भाग लिया।

### शो के दौरान होंगी एक्टिविटीज

अर्चना ने बताया कि शो के दौरान विभिन्न एक्टिविटीज होंगी। जहां चाइल्ड मॉडल-एक्टर अर्विक बैराठी का डांस परफॉर्मेंस आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

### 18 मई को होगा फैशन शो

अर्चना ने बताया कि हेरिटेज किड्स फैशन शो 18 मई को इंद्रलोक सभागार में होगा। इस दौरान अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से आयोजित शो तीन कैटेगरी 2 से 5, 6 से 8 और 9 से 12 में आयोजित किया जाएगा।

किसी भी चीज़ के लिए अपना जीवन बलिदान न करें! जीवन के लिए सब कुछ त्याग दो! जीवन ही अंतिम लक्ष्य है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




**मॉस्को के रेड स्क्वायर पर भव्य परेड का आयोजन... 9000 से ज्यादा सैनिक हुए शामिल**

# विक्ट्री डे परेड में रूस ने दुनिया को दिखाई अपनी ताकत

एजेंसी | मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। पश्चिमी देश लगातार यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। वहीं पुतिन अमेरिका समेत पूरे नाटो को धमकी दे रहे हैं। इस बीच रूस ने 79वां विक्ट्री डे मनाया गया। इसी दिन सोवियत यूनियन ने वर्ल्ड वॉर 2 में नाजी जर्मनी को हराया था। पुतिन क्रेमलिन से रेड स्क्वायर पहुंचे, जहां परेड का आयोजन किया गया। विक्ट्री डे परेड में 9 हजार से ज्यादा सैनिकों ने हिस्सा लिया। इसमें यूक्रेन में लड़ चुके हैं सैनिक भी शामिल हुए। परेड में 70 से ज्यादा टैंक और बख्तर बंद गाड़ियां शामिल हुईं। दूसरे विश्वयुद्ध में शामिल टी-34 टैंक के साथ इस्कंदर-एम बैलिस्टिक मिसाइल, एस-400 एयर एयर डिफेंस सिस्टम और यार्स इटरकॉटिनल बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। इस परेड में खतरनाख हथियारों की प्रदर्शनी दिखाई गई। इस बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों पर संघर्ष को बढ़ाने का आरोप लगाया। इसके साथ ही कहा कि किसी को भी दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु ताकत को धमकी देने की इजाजत नहीं है।





### रूस क्यों मनाता है विक्ट्री डे

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सेना पर सोवियत सैनिकों की जीत को याद करने के लिए रूस में विक्ट्री डे परेड का आयोजन किया जाता है। 9 मई को रूस में द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत की जीत का जश्न मनाया जाता है। इस दौरान रूस की राजधानी मॉस्को में रेड स्क्वायर के माध्यम से हजारों रूसी सैनिक हथियारों के साथ परेड करते हैं।

### ब्रिटेन और अमेरिका पर साधा निशाना

व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि पश्चिम की किसी भी हरकत का रूस कड़ा जवाब देगा और उनके परमाणु बम भी हमेशा तैयार रहते हैं। रूस की वार्षिक विक्ट्री परेड में बोलते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिटेन और अमेरिका को जमकर निशाने पर लिया है। शीत युद्ध के बाद इस समय पश्चिम देशों से रूस का तनाव उच्चतम स्तर पर है। इसका इशारा करते हुए पुतिन ने रूस के परमाणु हथियारों के बारे में कड़ी चेतावनी दी। द्वितीय विश्व युद्ध में भूमिका के लिए भी पुतिन ने ब्रिटेन की कड़ी आलोचना की।

**अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने नहीं ली जिम्मेदारी**

# पाक के ग्वादर बंदरगाह पर आतंकी अटैक, 7 की मौत

एजेंसी | कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान क्षेत्र में स्थित बंदरगाह शहर ग्वादर में हुए एक आतंकी हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। ग्वादर पुलिस थाने के थाना प्रभारी मोहसिन अली ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक इमारत पर गोलीबारी की। इसमें सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस हमले में मारे गए लोग इलाके में बाल काटने की दुकान में काम करते थे। वे पंजाब के खानेवाल के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को ग्वादर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



### CM ने की घटना की निंदा, दिए जांच के आदेश

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने ग्वादर में हुए इस हमले में लोगों के मारे जाने की निंदा की। उन्होंने इस मामले में एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस हमले में शामिल आतंकवादियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। बलूचिस्तान के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि मजदूरों की हत्या करना एक कायरतापूर्ण कदम है और आतंकियों से सख्ती से निपटा जाएगा। यह घटना अज्ञात हमलावरों द्वारा बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ सप्ताह बाद सामने आई है।



### लगातार बढ़ रहे आतंकी हमले

पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है।

### एक दिन पहले मारे गए थे 6 आतंकी

पाक के सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान सीमा से सटे उत्तर पश्चिम क्षेत्र में बुधवार को दो जगहों पर छापेमारी की। फौज ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वां के डेरा इस्माइल खान जिले में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया, जबकि उत्तर वजीरीस्तान में एक अन्य जगह पर मुठभेड़ में एक आतंकी को मारा गया।

**उपग्रह भेजने वाला छठा देश बना पाकिस्तान**


# चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचा पाकिस्तान

एजेंसी | इस्लामाबाद

भारत की देखा-देखी पाकिस्तान ने चांद के लिए अपना चंद्रयान भेजा है। चीन के सहयोग से पाकिस्तान द्वारा भेजा उपग्रह 'आईक्यूब कमर' चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कक्षा में सैटेलाइट के सिस्टम का परीक्षण करने में एक सप्ताह का समय लगेगा। कक्षा में आईक्यूब कमर के नियंत्रकों, इसकी प्रणालियों और प्रोटोकॉल का परीक्षण शुरू हो गया है।

पाकिस्तान का मून मिशन भारत के चंद्रयान-3 की तुलना में शैशवावस्था में है और यह बात पाकिस्तान को भी बखूबी मालूम है। यही वजह है कि पाकिस्तान भी भारत के चंद्रयान-3 से अपने मून मिशन की तुलना नहीं करना चाहता है।

### भारत के चंद्रयान का कोई सानी नहीं



इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी की कोर कमेटी के सदस्य डॉ. खुर्रम खुर्शीद ने कहा कि पाकिस्तान का सैटेलाइट मिशन 3 से 6 महीने तक चंद्रमा की परिक्रमा करेगा, जिसके बाद चंद्रमा के अनुसंधान के लिए पाकिस्तान के पास अपनी सैटेलाइट तस्वीरें होंगी। डॉ. खुर्रम खुर्शीद ने कहा था कि पाकिस्तान के मिशन की तुलना भारत के चंद्रयान से करना उचित नहीं होगा क्योंकि चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरने वाला बड़ा मिशन था, लेकिन एक छोटा उपग्रह आईक्यूब कमर चंद्रमा की परिक्रमा करेगा। पाकिस्तान का यह मिशन भविष्य में बड़े मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

### चीन की मदद से पाक ने भेजा अपना चंद्रयान

आईक्यूब कमर को चीन के शंघाई विश्वविद्यालय और पाकिस्तान राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी 'स्पार्को' के सहयोग से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने प्राप्त करने वाला दुनिया का पहला मिशन है। पाकिस्तानी उपग्रह 'आईक्यूब कमर' दो ऑप्टिकल कैमरों से लैस है, जिसका उपयोग चंद्रमा की सतह की तस्वीरें लेने के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने चीन के अंतरिक्ष मिशन 'चेंग ई6' के साथ पाकिस्तान के उपग्रह 'आईक्यूब कमर' को चंद्रमा की कक्षा में भेजा था। उपग्रह को चीन के हेनान स्थित वेनचेंग अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था, जिसके बाद पाकिस्तान चंद्रमा की कक्षा में उपग्रह भेजने वाला छठा देश बन गया। उपग्रह आईक्यूब कमर को 3 मई को दोपहर 2:27 बजे लॉन्च किया गया था।

**अमेरिका ने 2,000 पाउंड के शक्तिशाली बम देने पर लगाई रोक**

# इजराइल को अमेरिका से लगा बड़ा झटका

एजेंसी | वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में हमास की भूमिगत सुरंगों को निशाना बनाने के लिए इजराइल को दिए जाने वाले 2,000 पाउंड के शक्तिशाली बम देने पर रोक लगा दी है।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका 1,800 बमों के साथ-साथ 1,700 और 500 पाउंड के बमों की खेप रोक रहा है। अमेरिका ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब इजराइल हमास को जड़ से उखाड़ने के प्रयास में दक्षिणी गाजा शहर राफा पर हमले की योजना बना रहा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सीनेट पैनल को बताया कि राफा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के लिए छोटे, अधिक सटीक हथियारों की जरूरत है। हालांकि, हम यह भी सुनिश्चित करते रहेंगे कि इजराइल के पास अपनी रक्षा के लिए आवश्यक साधन मौजूद रहें। इस बीच इजराइल ने अमेरिका के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

संयुक्त राष्ट्र में उसके राजदूत गिलाद एर्दान ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह 2000 पाउंड बम पर अमेरिका की रोक से निराश हैं। यह एक बहुत ही निराशाजनक फैसला है। यह कदम बाइडेन पर राजनीतिक दबाव, कैंपस विरोध और आगामी चुनाव के चलते लिया गया है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl